रोहतक

सोमवार, 16 जून 2025

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 136

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 41.4
न्यून. 24.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 सरफराज ने अभ्यास मैच में जड़ा शतक

## खबर संक्षेप



### मप्र: कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पांच चीते पहुंचे मुरैना

**मुरैना (मप्र)।** मध्यप्रदेश के मुरैना में रविवार को एक बांध के पास सड़क पार करते हुए पांच चीतों को देखा गया। वन विभाग के अधिकारियों ने हालांकि लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। अधिकारियों के मुताबिक, इन चीतों को अफ्रीकी चीतों के घर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 50 किलोमीटर दूर जौरा क्षेत्र में पगारा बांध को पार करते देखा गया। इन चीतों को सुबह करीब 6.45 बजे खुले में देखकर स्थानीय लोग घबरा गए। भाषा

### सोनिया गांधी पेट संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट संबंधी समस्याओं के कारण रविवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि गांधी (78) को रविवार रात करीब नौ बजे 'गैस्ट्रोएंटरोलॉजी' विभाग में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि सोनिया की हालत स्थिर है और वह चिकित्सकों की एक टीम की निगरानी में हैं। भाषा

### महिला से 19 लाख ठगने के आरोप में यूट्यूबर गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने दिल्ली के एक यूट्यूबर को 45 वर्षीय महिला को धमकाने और उससे 19 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी पीयूष कत्याल यूट्यूब पर अपने प्रैंक वीडियो के लिए जाना जाता है और उसके पांच लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह एक महिला ने उत्तर क्षेत्र साइबर पुलिस थाने में धोखाधड़ी की शिकायत लेकर आई। भाषा

## साइप्रस की यात्रा करने वाले इंदिरा और अटल के बाद तीसरे पीएम बने

# साइप्रस पहुंचे मोदी, राष्ट्रपति निकोस ने किया स्वागत, व्यापार जगत के लोगों से बोले प्रधानमंत्री-भारत में अपार संभावनाएं

**निकोसिया (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया। मोदी दो दशकों में साइप्रस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'साइप्रस पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरे स्वागत में विशेष गर्मजोशी प्रकट करने के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस को मेरा आभार। पीएम मोदी ने निकोसिया में राष्ट्रपति निकोस के साथ व्यापार जगत के लोगों के साथ गोलमेज बैठक में भाग लिया और व्यापार, निवेश, रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में विकास की अपार संभावनाएं हैं और निवेश के बड़े मौके हैं।

### मोदी बोले-साइप्रस भारत का विश्वसनीय साझेदार

- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे
- मोदी बोले, हवाई अड्डे पर मेरे स्वागत में विशेष गर्मजोशी प्रकट करने के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति का आभार



### द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'साझा मूल्यों और आकांक्षाओं पर आधारित एक विश्वसनीय साझेदारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस पहुंच चुके हैं। गर्मजोशी प्रकट करते हुए विशेष गहरे ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।' 'द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए व्यापक चर्चा होगी।'

### व्यापारिक संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे दोनों देश

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा भारत और साइप्रस व्यापारिक संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति निकोस और मैंने दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए अग्रणी सीईओ के साथ बातचीत की है। भारत में नवाचार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मैंने पिछले दशक में भारत के सुधारपथ के बारे में भी बात की है। उन्होंने संकेत दिए कि आर्थिक दुनिया से जुड़े लोग भारत और साइप्रस के संबंधों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। (पेज 8 भी देखें)

## गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी, गिरते ही आग लगी

# केदारनाथ के पास हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 7 की मौत

भाषा ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार को एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यह दुर्घटना गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुई। इस दुर्घटना में मरने वालों में पायलट और एक शिशु भी शामिल है। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऐसा अनुमान है कि खराब मौसम के कारण दृश्ता कम होने की वजह से यह हादसा हुआ। हेलीकॉप्टर के गिरते ही उसमे आग लग गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताया और जांच के आदेश दिए।

### चारधाम यात्रा रोकी, हेली सेवा दो दिन के लिए बंद, 2 पायलटों के लाइसेंस निलंबित



### हेली सर्विस के लिए बनेंगे नियम : धामी

हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलीकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा।

### पैदल रूट पर मलबा गिरने से यात्री की गई जान

जंगलचट्टी के पास खड्ड में मलबा और पत्थर गिरने से श्री बाबा केदारनाथ धाम जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले रूट को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। बचाव दल राहत कार्य में जुटे हुए हैं।

### शवों का डीएनए टेस्ट होगा

हेलीकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। गौरीकुंड से एनडीआरएफ और एसडीआरफ की रेस्क्यू टीमों को भेजा गया है। आग में झुलसने की वजह से शवों की पहचान मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनए टेस्ट होगा, उसके बाद ही शव परिजनों को सौंपेंगे। मरने वालों में पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान), विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड) विनोद देवी (उत्तर प्रदेश), तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश), राजकुमार सुरेश (गुजरात) श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र), काशी (महाराष्ट्र) शामिल हैं।

### ये दो बड़े हादसे

- आठ मई को उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी।
- सात जून को भी केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर को उड़ान भरते ही तकनीकी खराबी आ जाने के कारण सड़क पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी जिसमें पायलट को चोटें आईं थी, लेकिन उसमें सवार पांच श्रद्धालु बच गए थे।

## बचाव दल ने 6 लोगों को बचाया सर्च अभियान जारी

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का पुल टूटा, 4 की मौत, 38 लापता

**पुणे (भाषा)।** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से 4 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हो गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हादसे में छह लोगों को बताया गया है, जबकि 38 लोग बह गए। उन्हें बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी।



- हादसे वाली जगह विकेंड मनाने पहुंचे थे सैकड़ों लोग
- पुल जर्जर था, क्षमता से अधिक लोग और गाड़ियों की आवाजाही से भीषण हादसा

### खराब हालत में था पुल

'प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह पुल बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका और ढह गया।

### वीकेंड मनाने पहुंचते हैं लोग

पुणे से कुंडमाला की दूरी 30 किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेसवे में एंट्री करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। भारी भीड़ होने के कारण कई लोग नदी में बह गए उनकी तलाश की जा रही है।

## परिवार यहां पर छुट्टियां मनाने पहुंचा था

# मनाली में 30 फीट की ऊंचाई से गिरी 10 वर्षीय बच्ची, गंभीर



**मनाली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के मनाली का एक वीडियो वायरल है। इसमें जिपलाइनिंग कर रही 10 साल की बच्ची 30 फीट की ऊंचाई से जमीन पर जा गिरी। घटना में गंभीर घायल बच्ची का नाम त्रिशा है। पहले त्रिशा को मनाली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से चंडीगढ़ रेफर किया, अब उसका नागपुर के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। त्रिशा का परिवार महाराष्ट्र के नागपुर का रहने वाला है। त्रिशा अपने पिता प्रफुल्ल बिजवे व मां के साथ हॉलिडे मनाने मनाली पहुंची थी। जब वो जिपलाइनिंग कर रही थी, तब हादसा हुआ। वीडियो सामने पहाड़ी पर मौजूद शख्स ने रिकॉर्ड किया। वीडियो में नजर आ रहा है कि त्रिशा वायर पर लटकी हुई आती है, जब वो 30 फीट की ऊंचाई पर होती है तभी उसका हुक, जिसके सहारे वो लटकी हुई थी, वो टूट जाता है। त्रिशा चीखती पर जमीन पर आ गिरती है। वीडियो बना रखा कहता सुनाई देता है- ओ... बच्ची गिर गई।

## सरकार ने एचएसएससी को मंजूरी दी

# प्रदेश में 5,600 पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती रद्द

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में पुलिस भर्ती का इंतजार कर युवाओं को झटका लगा है। पुलिस में 5600 पुरुष एवं महिला कॉन्स्टेबल भर्ती का विज्ञापन अब वापस लिया जाएगा। सरकार ने हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) को इसकी मंजूरी दे दी है। अब इस पुलिस भर्ती के लिए सीईटी-2025 के बाद नया नोटिफिकेशन निकाला जाएगा। एचएसएससी ने 16 अगस्त 2024 को इन पुलिस भर्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस भर्ती के लिए आवेदन कर चुके युवाओं को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं है। उन्हें आगामी भर्ती में शामिल होने की अनुमति होगी। साथ ही सीईटी पास करने वाले नए आवेदक इस भर्ती में शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा पहले लिखित परीक्षा में सिर्फ पदों की संख्या के 4 गुना आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करने का प्रावधान था, लेकिन हाई कोर्ट के दिशा निर्देशों के बाद में 10 गुना को शॉर्टलिस्ट करने का प्रावधान होगा। भर्ती का मामला काफी समय से लंबित था, वैसे, विस चुनावों से पहले यह विज्ञापन दिया गया था।

**सीईटी-2025 पास करने वाले युवा भी हिस्सा ले सकेंगे**

### पुलिसकर्मियों का सादे कपड़ों में गोली चलाना आधिकारिक कर्तव्य नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सादे कपड़े में, किसी वाहन को घेरने और उसमें सवार लोगों पर संयुक्त रूप से गोलीबारी करने वाले पुलिसकर्मियों के आचरण को लोक व्यवस्था के तहत कर्तव्य पालन नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने फर्जी मुठभेड़ केस में पंजाब के नौ पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या के आरोपों को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने ये आदेश दिए।

## रूपाणी का आज होगा अंतिम संस्कार, एक दिन का राजकीय शोक घोषित

# अहमदाबाद विमान हादसा : पूर्व सीएम रूपाणी समेत 86 मृतकों की शिनाख्त

भाषा ▶▶| अहमदाबाद



अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी समेत 86 लोगों की शिनाख्त डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। अब तक 27 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चूंकि अधिकतर शव इतने जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है, इसलिए अधिकारी इस भयावह त्रासदी में मारे गए लोगों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस राज्य में एक दिन राजकीय शोक घोषित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार (16 जून) को गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

### कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर मिला

हादसे की जांच कर रहे अधिकारियों ने रविवार को पुष्टि की कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) बरामद कर लिया गया है, जिससे इस हादसे के पीछे संभावित कारण की पहचान करने में मदद मिलेगी। एएआईबी ने इस मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इसके कारणों का खुलासा होगा।

### बीएसएफ के जवान ने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की

**नई दिल्ली/कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक शिविर में तीखी बहस हो जाने पर जवान ने अपने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात 10:30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद सर्विस राइफल से गोली मारकर अपने वरिष्ठ, हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की हत्या कर दी।

## आयुष मंत्रालय के सर्वेक्षण में दावा, सर्वे में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल

# योग से फिटनेस बेहतर बन रही और तनाव में आ रही कमी, 41% से अधिक ने योग को अपनाया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र (संरा) द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने के एक दशक बाद 41 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने योग को अपनी जीवनशैली में कुछ हद तक शामिल किया है। आयुष मंत्रालय की एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। सर्वेक्षण में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों सहित 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30,084 परिवारों को शामिल किया गया। सर्वेक्षण में पाया गया कि 24.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने योग के कारण बेहतर फिटनेस की बात कही, 16.9 प्रतिशत ने तनाव में कमी, जबकि लगभग एक-चौथाई उत्तरदाताओं ने स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान प्राप्त करने का दावा किया। 'इंपैक्ट असेसमेंट ऑफ ए डेकेड ऑफ इंटरनेशनल डे ऑफ योगा: सर्वे फाइंडिंग' शीर्षक वाले इस सर्वेक्षण में सामने आया कि 11.2 प्रतिशत लोग नियमित रूप से योग करते हैं।



- 11.2 फीसदी नियमित रूप से करते हैं व्यायाम
- 13.4 फीसदी कभी-कभार और 75.5 % लोग योग नहीं करते

### क्या कहते हैं आंकड़े

- शहरी क्षेत्रों में 12.6% उत्तरदाता नियमित रूप से योग कर रहे।
- ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 10.4 प्रतिशत है।
- 11.6% पुरुष व 10.7% महिलाएं नियमित रूप से योग कर रहे।
- योग के बारे में जागरूकता 18 से 24 आयु वर्ग में सबसे अधिक मिली।
- 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 17 प्रतिशत रही।
- मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और पेट में गैस से संबंधी समस्याओं जैसी विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों से पीड़ित 36.2 प्रतिशत लोग योग का अभ्यास करते हैं।

## आह्वान — सीएम सैनी ने कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय मैराथन को दिखाई हरी झंडी

## मुख्यमंत्री ने धावकों पर की पुष्प वर्षा, दिया नशा मुक्ति का संदेश

# प्रदेश को योगयुक्त, नशामुक्त बनाने को योग मैराथन बनी संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं पर पुष्प वर्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। इस संकल्प यात्रा में प्रदेशभर से हजारों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जोश के साथ दौड़ लगाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। सरकार ने भी संकल्प लेकर राष्ट्र की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा बनाने का प्रयास किया है। इससे युवाओं को नशे से बचाया जा सकेगा। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पहले चलाए गए अभियान में अब तक प्रदेश के 19.27 लाख लोग जुड़ चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है।



21 जून को ब्रह्म सरोवर के तट पर योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ योग करने को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाएं

### 20 धावकों को सम्मानित किया

कुरुक्षेत्र की राज्य स्तरीय योग मैराथन में महिलाओं और पुरुष वर्ग के विजेता 20 धावकों को पुरस्कार के रूप में 3.46 लाख रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किए। इस योग मैराथन में प्रथम आने वाले गौरव और सोनीपत की मोनिका को 51000 रुपये देकर सम्मानित किया। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशा के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया है।

**खबर संक्षेप**

### आरटीई का फॉर्म हिंदी में जारी होना चाहिए

**चंडीगढ़।** निसा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाइन प्रवेश के लिए जारी किए गए शेड्यूल का स्वागत किया। उन्होंने इस नीति को सही तरीके से लागू करने को लेकर कुछ सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शिक्षामंत्री हाल ही में हिंदी में पत्राचार और कार्यों पर बल दे रहे हैं, वहीं विभाग द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के फॉर्म और शेड्यूल अंग्रेजी में जारी किए गए हैं, जो शिक्षामंत्री की भावना और सरकारी आदेशों के विपरीत है। डॉ. शर्मा ने कहा कि आरटीई का फॉर्म हिंदी में जारी होना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जिन अभिभावकों को इस योजना का लाभ मिलना है, वे अधिकांश इतने शिक्षित नहीं हैं कि अंग्रेजी में फॉर्म को समझ सकें और उसके अनुसार आवेदन कर सकें।

### जेजेपी सदस्यता अभियान का प्रदेशभर में आगाज

**चंडीगढ़।** रविवार को जननायक जनता पार्टी ने प्रदेशभर में अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत की। 31 जुलाई तक चलने वाले जेजेपी के सदस्यता अभियान के पहले दिन पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और जेजेपी ने हजारों नए सदस्य बनाए। विभिन्न जिलों में अन्य पार्टियों के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता भी अपने समर्थकों सहित जेजेपी में आए और जेजेपी की सदस्यता ग्रहण की। भिवानी और दादरी में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने सदस्यता अभियान का आगाज करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती के बारे दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेजेपी के सभी मेहनती पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रत्येक गांव, शहर, कस्बे में जाकर लोगों को जेजेपी से जोड़ने का कार्य करेंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

### फरीदाबाद और गुरुग्राम में बनेंगे हरित कोयला संयंत्र : विपुल गोयल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने आज वाराणसी स्थित एनटीपीसी के हरित कोयला परियोजना प्लांट का विभागीय अधिकारियों के साथ दौरा किया। कैबिनेट मंत्री गोयल ने जानकारी दी कि गुरुग्राम और फरीदाबाद में हरित कोयला संयंत्रों की स्थापना के लिए एनटीपीसी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल जी की उपस्थिति में 20 जुलाई 2024 को हस्ताक्षरित किया गया था। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, फरीदाबाद नगर निगम के आयुक्त धीरेंद्र, संयुक्त सचिव कंवर सिंह, ओएसडी श्री सौरभ ढल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हरियाणा में मत्स्य पालन को नई उड़ान : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण और मत्स्य मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि हरियाणा में लोगों का मत्स्य पालन की तरफ रुझान तेजी से बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में खारे पानी वाली राज्य की करीब 5900 एकड़ भूमि को झींगा और मत्स्य पालन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है जबकि वर्ष 2014-15 में मात्र 70 एकड़ में मछली पालन होता था। राणा मध्यप्रदेश के इंदौर में हुए अंतर्देशीय मात्स्यिकी और जल कृषि सम्मेलन 2025 में सम्बोधित कर रहे थे।

### मेयरों को अधिक पावर देने की वकालत की

**पंचकूला ।** दो दिवसीय ऑल इंडिया मेयर्स काउंसिल सम्मेलन में देशभर से आए मेयरों ने एकमत होकर मेयरों का कार्यकाल पांच साल करने और उन्हें अधिक पावर देने पर जोर दिया। मेयरों ने कहा कि जब तक उन्हें पावर नहीं मिलेगी, तब तक जनता की पूरी तरह से सेवा करना असंभव है। यह सम्मेलन पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल ने अमरावती एन्क्लेव में आयोजित किया। कुलभूषण गोयल ने ऑल इंडिया मेयर्स काउंसिल की राष्ट्रीय अध्यक्ष माधुरी अतुल पटेल व अन्य मेयरों का स्वागत किया।

---

## रेवाड़ी में धन्यवाद रैली के दौरान बोले मुख्यमंत्री नायब सैनी

# पीएम नरेंद्र मोदी का रेवाड़ी की माटी से विशेष लगाव, यहीं से 'वन रैंक वन पेंशन शुरू' हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस इलाके से विशेष लगाव है। उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से पहले 15 सितम्बर, 2013 को इसी वीर भूमि पर भूतपूर्व सैनिकों की रैली को सम्बोधित किया था। इसी के साथ उन्होंने चुनाव अभियान की शुरूआत की थी। उस रैली में उन्होंने 'वन रैंक वन पेंशन' का वायदा किया था, जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में हमने एक ऐसे भारत का उदय देखा है, जो अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करता है, वर्तमान की चुनौतियों का डटकर सामना करता है और भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी सपने संजोता है। वर्ष 2014 से पहले देश में आतंकवाद को लेकर भय का वातावरण था, परंतु प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व पर आतंकवाद पर गहरी चोट की गई और जब जब भी पाकिस्तान ने हमारी भूमि के ऊपर आ कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने का काम किया, हमारे जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान की सरजमी पर जाकर उसे जवाब देने का काम किया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली रोड पर गोरक्षक देवेंद्र यादव उर्फ सोनू सरपंच चौक के नामकरण करने के साथ ही सोनू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



रेवाड़ी। धन्यवाद रैली में उपस्थित लोगों का अभिवादन करते सीएम व अन्य नेतागण।

### गुरुग्राम के बाद रेवाड़ी अगला विकास केंद्र: राव इंद्रजीत

धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में रेवाड़ी जिला रोजगार सृजन के क्षेत्र में गुरुग्राम की तर्ज पर एक सशक्त और अग्रणी केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि गुड़गांव, जो एक समय छोटी नगरपालिका थी, आज हरियाणा का आर्थिक केंद्र बन गया है। रेवाड़ी को भी गुरुग्राम की तर्ज पर औद्योगिक और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में विकसित किया जाए ताकि युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और प्रगति के अवसर मिल सकें। रेवाड़ी अगला प्रमुख विकास केंद्र बन सकता है, बशर्ते कि यहां सही और समयबद्ध निवेश तथा योजनाएं लागू की जाएं।

### पारदर्शी शासन की मिसाल बन चुकी सरकार: लक्ष्मण यादव

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री न केवल अहीरवाल, बल्कि समस्त हरियाणा प्रदेश के लिए 24 घंटे जन सेवा में समर्पित रहते हैं। रेवाड़ी की वीर भूमि का चप्पा-चप्पा आज 'अतिथि देवो भव' की भावना से मुख्यमंत्री का अभिनंदन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले जो वादे किए थे, उनमें से प्रमुख था 26,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां देना, जो उन्होंने पूरा किया। आज हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जहां सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की गई है। ये सब निर्णय किसानों, युवाओं और गरीबों के जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम हैं।

### रेवाड़ी सैनिकों की खान

रेवाड़ी को वीरों और सैनिकों की धरती बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर रहे हैं, ताकि हम सब अपने घरों में सुरक्षित रह सकें। उन्होंने जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि लोगों ने कुछ महीने पहले ही डबल इंजन की सरकार तो बनाई ही, साथ ही उसमें ट्रिपल इंजन जोड़ने का काम किया। अब प्रदेश में तीन गुना ज्यादा गति से काम हो रहे हैं। हरियाणा की जनता ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार कर विकास और राष्ट्रवाद की नीति पर मुहर लगाने का काम किया है।

### हर वर्ग का उत्थान कर रही सरकार: शर्मा

सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की 36 बिरादरी के सच्चे प्रतिनिधि हैं, जो बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के उत्थान और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की देशभक्ति, बलिदान और स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी को याद करते हुए कहा कि यह क्षेत्र हमेशा देश की सेवा में अग्रणी रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, तिजारा से विधायक महंत बालकनाथ, महंत कालीदास, कोसली विधायक श्री अनिल यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, नारनौल से विधायक ओपी यादव, पटौदी से विधायक बिमला चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मुसेपुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद थे।

---

# आप और कांग्रेस भ्रष्टाचार के दल-दल में फसी पड़ी : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶। चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ चलने का मन बना लिया है। पंजाब के लोगों में जो जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। इसको देखते हुए विधानसभा 2027 के चुनाव में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूती से सरकार बनेगी। पंजाब में पिछली सरकारों और मौजूदा आप की सरकार ने यहां के लोगों के साथ विश्वासघात किया और पंजाब को पीछे धकेलने का काम किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात पंजाब के लुधियाना में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कही। कांग्रेस ने जो रास्ता भ्रष्टाचार का अपनाया था आप सरकार भी उसी रास्ते पर दो कदम आगे बढ़ी। उन्होंने कहा कि आम आदमी व कांग्रेस भ्रष्टाचार के दल-दल में फसी पड़ी हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इनके कुछ नेता भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते जेल के अंदर हैं और कुछ जाने वाले हैं। जो बातें आम आदमी ने पंजाब के लोगों से कही थी उन बातों के ऊपर आप खरा नहीं उतरी जिससे पंजाब लगातार पीछे जा रहा है। कांग्रेस ने जो रास्ता भ्रष्टाचार का अपनाया था आप सरकार भी उसी रास्ते पर दो कदम आगे बढ़कर तेज गति से चल रही है। इनके भ्रष्टाचार को लेकर पंजाब का हर नागरिक वाफिक हो चुका है। यहां के लोग आम आदमी पार्टी की सरकार को बाहर भेजने का काम करेंगे। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाखों बहनों के घरों में फ्री में गैस कनेक्शन दिया और यहां पंजाब में जनता को उन योजनाओं से वंचित रखा गया है। कांग्रेस के समय में गैस का सिलेंडर मिलता नहीं था। हमारी सरकार ने उस गैस की लाइन को खत्म करने का काम कर गरीबों के घर में सिलेंडर पहुंचाने का काम किया।

### हमारी नीति और नीयत स्पष्ट और नेतृत्व मजबूत

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी नीति और नीयत स्पष्ट होने के साथ- साथ हमारा नेतृत्व भी मजबूत है, लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की न ही नीति स्पष्ट है, न ही काम करने की नीयत और उनके नेतृत्व का तो कुछ पता ही नहीं है।

### पानी पर पंजाब सरकार ने स्वार्थ की राजनीति की

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि बीबीएमबी एक स्वतंत्र संस्था है। पंजाब गुरुओं की धरती है जिस धरती से गुरुओं ने अपने धर्म और कोम की रक्षा के लिए बड़ी कुर्बानियां दी हैं, ऐसी कुर्बानियां दुनिया में किसी ने नहीं दी और न ही देखने को मिलती हैं। हमारे गुरुओं ने शिक्षा भी दी है की कोई भी आदमी प्यासा ना रहे, सबको पीने का पानी मिले, लेकिन पंजाब सरकार ने हरियाणा का पीने का पानी रोका था। पंजाब सरकार ने यह स्वार्थ की राजनीति की है।



---

# गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में होगा शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन, तैयारी तेज

## विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण कर रहे तैयारियों की निगरानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶। चंडीगढ़

आगामी 3 और 4 जुलाई को आयोजित होने वाला शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन का स्थान तय हो गया है। यह सम्मेलन गुरुग्राम स्थित गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में आयोजित किया जाएगा। पहले यह सम्मेलन गुरुग्राम में किसी अन्य स्थान पर प्रस्तावित था, लेकिन व्यवस्थागत सुविधाओं और समुचित अवसंरचना को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम यूनिवर्सिटी को स्थल के रूप में चुना गया है। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण इस सम्मेलन की तैयारी बड़े स्तर पर करवा रहे हैं। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए लोक सभा सचिवालय, हरियाणा विधान सभा सचिवालय, शहरी स्थानीय निकाय विभाग और गुरुग्राम जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर से शहरी स्थानीय निकायों से जुड़े जनप्रतिनिधि, नीति निर्माता, शहरी विकास के विशेषज्ञ, प्रशासक और शहरी शासन से संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करना हरियाणा विधान सभा के लिए गौरव का विषय है। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का मानना है कि इस सम्मेलन से शहरी शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस और व्यावहारिक समाधान सामने आएंगे। इसलिए सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कल्याण तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।

### नोडल अधिकारी नियुक्त किए

*हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि हर व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है, ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी आभार प्रकट किया, जिन्होंने हरियाणा विधान सभा को इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की मेजबानी का अवसर प्रदान किया है। सम्मेलन ऐतिहासिक होगा और नए आयाम स्थापित करेगा।*



### अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

हाल ही में उन्होंने हरियाणा विधान सभा सचिवालय में आयोजित बैठक में प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व 5 जून को गुरुग्राम में भी तैयारियों को लेकर अहम बैठक की गई थी, जिसमें व्यवस्थाओं की बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया गया।

### प्रदेश की मंडियों में पिट रही किसान की मक्का, आंखें बंद कर बैठी भाजपा : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि एकबार फिर मंडियों में किसान की मक्का पिट रही है और सत्ताधारी बीजेपी आंखें बंद करे बैठी है। कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, कैथल और आसपास के क्षेत्रों की मंडियों में मक्की की आवक जोरो पर है। लेकिन किसानों को 2400 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की बजाए सिर्फ 1000 से 1400 रुपये का ही रेट मिल रहा है। पूरी तरह सूख चुकी फसल का रेट भी ज्यादा से ज्यादा 1800 रुपये ही मिल रहा है। हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार सत्ता में आने के बाद से न सिर्फ मक्की, बल्कि धान, गेहूं समेत तमाम फसलों की एमएसपी के लिए किसान तरस रहे हैं। इस सरकार ने तो बाकायदा कानून लाकर एमएसपी को खत्म करने की भी प्लानिंग कर ली थी। लेकिन किसान आंदोलन के चलते उसे कानून वापिस लेने पड़े। लेकिन अब सरकार अप्रत्यक्ष तरीके से मंसूबों को अंजाम दे रही है।



---

# हरियाणा में पंचायतों को मिलेगा स्टाम्प ड्यूटी का सीधा लाभ : पंवार

## 572 करोड़ सीधी होगी ट्रांसफर, पंचायतें बनेंगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶। चंडीगढ़

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए स्टाम्प ड्यूटी से प्राप्त कुल राजस्व का एक प्रतिशत पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय राज्य की पंचायत व्यवस्था के मद्देनजर ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद को वित्तीय रूप से मजबूत बनाकर, उन्हें अपने स्तर पर विकास कार्यों के संचालन में और अधिक स्वायत्तता देगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण भारत के सपनों को साकार करने के लिए ठोस रणनीति पर कार्य कर रही है, और यह निर्णय उसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस स्टाम्प ड्यूटी में से ग्राम पंचायत को 0.5 प्रतिशत, पंचायत समिति को 0.25 प्रतिशत और जिला परिषद को 0.25 प्रतिशत हस्तांनातरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पंचायती राज संस्थानों को 572.42 करोड़ रुपये की राशि को हस्तांनातरित किया जाने का प्रस्ताव है। इनमें प्रदेश की 5388 ग्राम पंचायतों को 288.16 करोड़ रुपये, 142 पंचायत समितियों को 144.08 करोड़ रुपये तथा 22 जिला परिषदों को 140.18 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

### विकास कार्यों में मिलेगा पंचायतों को और अधिक अधिकार

*पंचायत मंत्री ने बताया कि इससे पंचायती राज संस्थाओं को विकास कार्यों की योजना बनाने, उन्हें लागू करने और प्राथमिकता के अनुसार संसाधनों का उपयोग करने में और अधिक स्वायत्तता और गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले भी सरकार ने अंतर जिला परिषदों का गठन कर पंचायतों को फंड ट्रांसफर की सुविधा दी थी, जिससे वे विभिन्न विभागों के कार्यों को स्वतंत्र रूप से संचालित कर सकें।*



### सशक्त पंचायतें ही समृद्ध हरियाणा की आधारशिला

पंवार ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का हिस्सा है, जिसमें गांव की पंचायतों को सरकार का मजबूत स्तंभ बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदेश की पंचायतों को 368 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी गई थी। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है—हर पंचायत सशक्त हो, हर गांव विकसित हो और हरियाणा समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छुए।

---

### हरियाणा ने मातृ मृत्यु दर में कमी हासिल की है : आरती सिंह राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत में मातृ मृत्यु दर पर नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन (2020-22) के अनुसार, राज्य में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 106 (2019-21) से घटकर 89 पर आ गई है, जो 17 अंकों का उल्लेखनीय सुधार है।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। मातृ मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि राज्य भर में समर्पित चिकित्सा और स्वास्थ्य कर्मचारियों के ठोस प्रयासों के कारण इस अवधि के दौरान लगभग 300 और माताओं की जान बचाई गई। स्वास्थ्य विभाग मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका अंतिम लक्ष्य सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करना है, जो प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम मातृ मृत्यु दर है।

---

## बड़ी संख्या में अफसरों को चार्जशीट का मामला, मंत्री से मिले ठेकेदार

# सैंपलिंग प्रक्रिया को लेकर फिर उठाए सवाल कहा- हमारे सामने लिए मात्र दो-से तीन सैंपल

योगेंद्र शर्मा ▶▶। चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश सिंचाई विभाग में बड़ी संख्या में इंजीनियर्स को चार्जशीट करने के मामले में अब हरियाणा सिंचाई विभाग की ठेकेदार एसोसिएशन खुलकर सामने आ गई है। ठेकेदारों ने मामले में मंत्री से मिलकर अपनी बात रखी है। साथ ही पहले से खुद चार्जशीटेड अधिकारी को कमान सौंपे जाने पर सवाल उठाए। ठेकेदारों का दावा है कि मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनकर सैंपलिंग की प्रक्रिया ठीक नहीं होने की सूरत में दोबारा (रिसैंपलिंग) की बात कही है।

हरियाणा सिंचाई विभाग ठेकेदार एसोसिएशन प्रधान बलजीत सिंह, महासचिव बालकिशन शर्मा, अमृत नागपाल, छतर सिंह धनखड़, अश्विनी सिंगला धर्मबीर आदि का कहना है कि मामले में अफसरों और कर्मियों के बीच में खींचतान का प्रभाव उनके काम पर भी पड़ रहा है। एक आरोपित अधिकारी द्वारा अपने मनमाने तरीके दो तीन सैंपल तो सामने लिए गए। जबकि बाकी सभी सैंपल मनमाने ढंग से लेकर नियमों को ताक पर रखा गया। पूरे मामले में हम हाई कोर्ट के वकीलों से कानूनी राय ले चुके हैं। एसोसिएशन की ओर से मंत्री से भी मुलाकात कर सारी स्थिति से अवगत करा दिया गया है। ठेकेदारों का दावा है कि 18 से ज्यादा ठेकेदार सभी एक मंच पर हैं, सैंपलिंग के वक्त ठेकेदार को बुलाना होता है। तीन सैंपल लिए जाते हैं, एक लैब, एक विभाग और एक ठेकेदार के लिए लेकिन इस तरह से नहीं किया गया। सैंपलिंग होने के बाद उनको रखे जाने का भी तरीका है। पूरे मामले में ठेकेदारों ने बृहस्पतिवार को सिंचाई मंत्री से मिलकर अपनी बात रखी है। हमने सैंपलिंग की प्रक्रिया और आरोप पत्र थमाए जाने की प्रक्रिया में हो रही सियासत की ओर से भी ध्यान दिलाया है। पूरे मामले में जिस चीफ इंजीनियर को निगरानी के लिए तैनात किया है, उनके विरुद्ध खुद कई चार्जशीट मामले लंबित हैं।

6 जून 2025 को एसपी लोकायुक्त कार्यालय चंडीगढ़ की ओर से प्रमुख अभियंता ईआईसी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सेक्टर पांच पंचकूला को पत्र भेजा गया है। जिसमें लोकायुक्त की ओर से शिकायतों को लेकर कुछ अहम रिकॉर्ड मांगा गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन एसई अधीक्षक अभियंता जेएलएन जल सेवाएं परिमंडल नारनौल जिला महेंद्रगढ़( जो अब बतौर मुख्य अभियंता सिंचाई व जल संसाधन विभाग हरियाणा मुख्यालय पंचकूला सेक्टर पांच में तैनात है। शिकायत करने वाले ने अवैध तौर पर संपत्ति एकत्र करने संबंधी मामले में लोकायुक्त आफिस ने विभागीय पोर्टल में इंद्राज चल और अचल संपत्ति का सारा ब्योरा 12 जून तक भिजवाएं। ठेकेदारों का कहना है कि एक बार फिर से सांसद किरण चौधरी और मंत्री श्रुति चौधरी से मिलेंगे, उनके सुनवाई नहीं हुई, तो हाई कोर्ट में चेलेंज करने का काम करेंगे। हालांकि मंत्री श्रुति चौधरी ने साफ कर दिया है कि अगर सैंपलिंग कामन बिड डाक्यूमेंट्स नियमों के विरुद्ध है, तो उन्हें दोबारा कराने में कोई दिक्कत नहीं हैं।

### 48 में 18 सैंपल फेल होने पर मंत्री हुई थी नाराज

प्रोजेक्ट कंक्रीट और पाइप लाइन के 48 में 18 सैंपल फेल होने पर मंत्री श्रुति चौधरी नाराज हो गईं थीं। साथ ही उन्होंने बड़े छोटे सभी इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए सिफारिश कर दी थी। उक्त क्रम में कमेटी का गठन किया गया है। उसके बाद भी अचानक ही इतनी बड़ी संख्या में कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि थोक में इस तरह से चार्जशीट कभी नहीं दी गई। अचानक ही इस तरह की कार्रवाई कैसे हो रही है। सूत्र बतातें हैं कि इसी कारण से सैंपल लेने और जांच प्रक्रिया को लेकर आरोपित अधिकारी और कर्मचारी, ठेकेदार सभी सवाल उठाने लगे हैं। आरोप है कि एक व्यक्ति विशेष (चीफ इंजीनियर) जानबूझकर सैंपलिंग प्रक्रिया में गोलमाल कर रहा है। खुद इस पर भी इसी तरह के मामलों में चार्जशीट हुई थी, सवाल यह है कि इस तरह के अफसरों को यह काम क्यों सौंपा गया है। एक वरिष्ठ आईएएस अफसर ने उक्त अधिकारी को सेवा विस्तार भी नहीं दिया गया है। चीफ इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। बताया गया है कि 55 वर्ष की सेवा आयु पूरी कर लेने वाले उक्त अधिकारी को किसी प्रकार का कोई सेवा विस्तार नहीं मिला है। अब इस तरह से उक्त अधिकारी 56 वर्ष की आयु तक सेवा में बने हुए हैं।

### एक अफसर के विरुद्ध मुखर हो रहे ठेकेदार

आरोपित जिस अधिकारी को लगाया गया है, उसके विरुद्ध सभी ठेकेदार और अफसर कर्मचारी मुखर हो रहे हैं। इनमें से कुछ पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के पास भी शरण लेने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है पूरे मामले में एक अन्य रिटायर कर्मचारी सक्रिय है। इसकी भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है कि कहा जा रहा है कि यह लंबे समय से सियासी नेताओं के पर्दे के पीछे खेल करने में माहिर है।

---

### सरल पोर्टल बना बाधा सरकार तुरंत समाधान करे : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार का बहुचर्चित सरल पोर्टल युवाओं के लिए सुविधा नहीं, बल्कि संकट का कारण बनता जा रहा है। सरकार द्वारा 31 मार्च के बाद बने प्रमाण पत्रों को ही वैध मानने की शर्त पहले से बने वैध दस्तावेजों को अस्वीकार करने जैसा अन्याय है। सांसद सैलजा ने कहा है कि हजारों युवाओं ने ओबीसी, अनुसूचित जाति (एससी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन किया है, लेकिन या तो पोर्टल बार-बार क्रैश हो रहा है, ओटीपी नहीं आ रहा या फिर प्रमाण पत्रों में जाति की गलत प्रविष्टि हो रही है। यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से सामाजिक न्याय से वंचित करने की साजिश प्रतीत होती है। सरकार द्वारा 31 मार्च 2025 के बाद बने प्रमाण पत्रों को ही वैध मानने की शर्त पहले से बने वैध दस्तावेजों को अस्वीकार करने जैसा अन्याय है। इसके चलते हजारों पात्र युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है।



# पांच गांवों को जोड़ने वाली सड़क की भूमि को अपना बता बंद किया रास्ता, एसएचओ ने दो बार खुलवाया, फिर अवरोधक लगाए, पंचायतों ने पीडब्ल्यूडी को लिखा पत्र

■ एक व्यक्ति ने भूमि पर किया दावा ■ 31 साल से चल रही सड़क बंद होने से ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव भिरडाना से भूथनकलां, भुथनखुर्द की और जाने वाली सड़क तीन दिनों से बंद पड़ी है। दरअसल गांव के ही एक व्यक्ति ने जमीन अपनी बता इस मार्ग पर सड़क पर अवरोधक लगा दिए जिससे आसपास के अनेक गांवों आने जाने का रास्ता बंद हो गया। शनिवार रात को सदर एसएचओ कुलदीप सिंह दो बार सड़क पर से बैरिकेट को हटवाकर आए थे। मगर उनके जाने के तुरंत बाद सड़क को बंद कर दिया गया। जिससे अब भिरडाना के अलावा भूथनकलां, भूथनखुर्द के लोगो ने भी खुलवाने की मांग की है। भिरडाना के अलावा भूथनकलां और भूथनखुर्द ग्राम पंचायत ने लोगों की समस्या को देखते हुए सड़क से ग्रिल हटाने की मांग की है। भिरडाना से सरपंच परमजीत कौर, भूथनखुर्द से सरपंच सुमन लांबा और भूथनकलां से सरपंच राजकुमार बैनिवाल, गौशाला समिति भिरडाना, बाबा ब्रहमचारी वेलफेयर सोसायटी ने लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर कहा की हमारे गांवों के अधिकांश लोग शहर से आते समय जाम से बचने के लिए भिरडाना गौशाला और फसल खरीद केन्द्र से होकर गांव की और जाते है। लगभग 31 साल से चल रही इस सड़क को अचानक से बंद किए जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसलिए इस सड़क को जल्द ही खुलवाया जाए। भिरडाना से वर्तमान और चार बार पंचायत समिति सदस्य रह चुके जीतराम राईका ने बताया की हमारे गांव के बाजार से गौशाला और फसल खरीद केन्द्र की और जाने वाली इस सडक़ को तत्कालीन मुख्यमंत्री भजनलाल के भिरडाना आगमन के दौरान इक्कतीस साल पहले 1994 में मार्केटिंग बोर्ड द्वारा तारकोल से बनाया गया था। जिसके बाद कई बार इसकी मरम्मत भी हो चुकी हैं। अभी यह सड़क लोकनिर्माण विभाग को हैंडओवर हो चुकी है। थोड़े समय पहले लोकनिर्माण विभाग द्वारा इंटरलॉकिंग टाइल्स से इस सड़क को बनाया जा रहा था। तब भी इस व्यक्ति द्वारा रोकी गई जगह पर निर्माण एजेंसी को टाइल्स नहीं लगाने दी। अब अचानक से इस सडक़ की जगह को अपनी जगह बताकर रोक दिया गया। जिसके बाद गांव के सरपंच और कई लोगों ने उक्त व्यक्ति से थोड़ा समय देने और रास्ता खोलने का आग्रह किया था। मगर वह नहीं माना। अब सडक़ बंद होने से सभी को परेशानी है।

■ भिरडाना से भूथनकलां, भुथनखुर्द जाने वाली सड़क तीन दिन से बंद


फतेहबाद। जगह को अपनी बता बंद की गई सड़क।


फतेहबाद। ग्रामीणों को समझाते एसएचओ।

### लोगों को परेशान नहीं होने देंगे

एचएचओ को बोल दिया है। यह जगह जिस विभाग के अधीन आती है। उसी विभाग से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करके बाधित सडक़ को खुलवा जाए। आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।
-सिद्धांत जैन, पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

### ये है कब्जा छुड़वाने की प्रक्रिया

अगर किसी की निजी जगह पर सडक़ या सरकारी भवन बन जाता है तो उससे कब्जा छुड़वाने के लिए जगह की निशानदेही करवाकर कोर्ट में केस किया जाता है। कोर्ट के आदेश पर दोबारा पैमाइश करके असल मालिक को जगह का कब्जा दिला दिया जाता है। अगर अचानक कोई व्यक्ति आवागमन रोक कर सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा करता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।
-प्रदीप जांगडा, एडवोकेट, फतेहाबाद।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधिकारी बन तुर्कमेनिस्तान की महिला के साथ ठगी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-53 एरिया में कार में सवार होकर आए फर्जी पुलिस अधिकारियों ने जांच के बहाने विदेशी महिला से 3800 अमेरिकी डॉलर और 5000 मनत (स्थानीय मुद्रा) की ठगी कर ली। महिला तुर्कमेनिस्तान से गुरुग्राम में अपनी बेटी का उपचार कराने आई थी। पुलिस को दी शिकायत में तुर्कमेनिस्तान की 62 वर्षीया अलीमोवा ओगुलमुरत ने कहा कि वह अपनी बेटी अल्लाकोवा ताजेगवल को लेकर उपचार के लिए बीती 11 जून को गुडग़ांव के आर्टिमिस हॉस्पिटल आई थी। वह गुडग़ांव के सेक्टर-52 स्थित एक गेस्ट हाउस में रह रहे थे। बीती रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी बेटी के साथ गेस्ट हाउस के सामने सेक्टर-52 की हुडा मार्केट में घूम रहे थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार में सवार चार लोग उनके पास आए। उन्होंने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए जांच कराने के बहाने महिला का पर्स चेक किया। इसी दौरान उन्होंने महिला के 3800 यूएस डॉलर और 5000 मनत (स्थानीय मुद्रा) चुरा लिए।

### कार की टक्कर से महिला नाले में गिरी, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 थाना एरिया में तेज रफ्तार कार की टक्कर में बाइक पर पीछे बैठी विवाहिता की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा महिला का पति घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी महिला नाले में जा गिरी, जबकि उसका पति सड़क पर जा गिरा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज कर लिया। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया।

### साइबर ठगी करने का आरोपी यूपी से गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर पुलिस ने बैंक मैनेजर बनकर पॉलिसी दोबारा चालू कराने के नाम पर ठगी करने पर एक आरोपी को उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने साइबर ठग को अपना बैंक खाता बेचा था। पुलिस ने आरोपी से 20 हजार रुपए बरामद किए हैं। दरअसल, साइबर क्राइम मानेसर थाना एक व्यक्ति ने दो फरवरी को शिकायत दी थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैंक मैनेजर बनकर उसके पास कॉल की थी। कॉलर ने बंद बीमा पॉलिसी को चालू कराने की बात कहकर बैंक खाते से रुपए ट्रांसफर कर लिए थे। एसीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान यूपी के गौतम बुद्ध नगर निवासी राम प्रकाश के रूप में हुई है।

## जींद में दुकानदार से रंगदारी मांगने व ढाई लाख लूटने के आरोपियों का एनकाउंटर

# स्कूटी पर जा रहे थे बदमाश, पुलिस ने ललकारा तो शुरू कर दी फायरिंग

**मुठभेड़ में तीनों बदमाशों के पैर पर गोली लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव हथो के निकट सिरसा ब्रांच नहर पटरी पर स्कूटी सवार तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद काबू किया है। मुठभेड़ के दौरान हुई क्रॉस फायरिंग में गोली लगने से तीन बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने घटना स्थल से तीन पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस तथा चार खोल बरामद किए हैं। तीनों बदमाश नरवाना में 50 लाख की रंगदारी ने देने पर दुकानदार को गोली मार कर घायल करने तथा अढ़ाई लाख लूट की वारदात में शामिल थे। सदर थाना नरवाना पुलिस ने तीनों बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, लूटपाट करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को रविवार सुबह सूचना मिली थी कि पुराना बाजार में करियाणा दुकानदार सौरभ को पचास लाख की रंगदारी न देने पर गोली मार कर घायल करने तथा दुकान से अढाई लाख रुपये लूटने के आरोपित सिरसा ब्रांच नहर पर देख गए हैं। पुलिस ने गांव हथों के निकट सिरसा ब्रांच नहर पटरी पर स्कूटी सवार तीन युवकों को घेर लिया और सरेंडर करने के लिए कहा। जिस पर बदमाश स्कूटी छोड़ कर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए खेतों की तरफ भागने लगे। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस फायरिंग में गोलियां तीनो बदमाशों की टांग में जा लगी और घायल हो गए। जिसके बाद पुलिस ने तीनों बदमाशों को काबू कर लिया। बदमाशों की तरफ से चार फायर किए गए तो पुलिस ने छह राउंड गोलियां दागी गई। घटना की सूचना पाकर नरवाना के डीएसपी अमित भाटिया पुलिसबल तथा सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने घटना स्थल से तीन पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस तथा चार खोल बरामद किए हैं। घायल बदमाशों की पहचान चौपडा पत्ती नरवाना निवासी अंकित, लक्ष्य, अंकुश के रूप में हुई है। तीनों घायल बदमाशों को नरवाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

■ क्रॉस फायरिंग के बाद पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तीन पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस व चार खोल किए बरामद

■ पुलिस ने घायल बदमाशों को नागरिक अस्पताल नरवाना में करवाया भर्ती


जींद। नरवाना अस्पताल में उपचाराधीन बदमाश।



जींद। बदमाशों से बरामद स्कूटी। इनसेट में वारदात स्थल पर पड़ा पिस्तौल।

### सीसीटी कैमरे में कैद हुए थे बदमाश व वारदात

पुराना बाजार नरवाना में गत 13 जून रात को करियाण दुकानदार सौरभ अपनी दुकान में जानकार के साथ बैठा हुआ था। उसी दौरान दो युवक असलहा के साथ दुकान में आए और सौरभ से 50 लाख की फिरौती मांगी। जब उसने देने से मना कर दिया तो बदमाशों ने उसे दो गोलियां मार दी। जिसके बाद बदमाश अढाई लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। बदमाश की पहचान चौपड़ा पत्ती निवासी अंकित तथा लक्ष्य के रूप में हुई थी। जबकि दोनों बदमाशों के दो साथी बाहर खड़े थे। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल सौरभ की शिकायत पर आरोपित अंकित, लक्ष्य को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला करने, लूट, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया था।

### सरेंडर के लिए बोला तो चला दी गोलियां : डीएसपी

नरवाना के डीएसपी अमित भाटिया ने बताया कि तीनों बदमाश दुकानदार पर जानलेवा हमला करने, लूट की वारदात में वांछित थे। पुलिस ने सरेंडर का बोला था लेकिन बादमाशो पुलिस पार्टी पर ही फायरिंग कर दी। क्रॉस फायरिंग में गोली लगने से तीनों बदमाश घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## 12वीं की परीक्षा में थी रि अपीयर, युवक ने खुद ही बना लिया फर्जी प्रमाण पत्र

अंबाला। एक युवक ने खुद ही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 12वीं के परीक्षा का फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर लिया। इसका खुलासा खुद भिवानी बोर्ड के सचिव ने किया। इस सिलसिले में उनकी ओर से अंबाला शहर के सेक्टर-9 की पुलिस को एक शिकायत देकर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। सचिव ने शिकायत में बताया कि पहले तो आवेदक ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा 244 अंकों से उत्तीर्ण करने के प्रमाण पत्र की दूसरी प्रति के लिए आवेदन किया। जब जांच की गई तो पाया कि संबंधित युवक की तो रि-अपियर थी। पुलिस ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के सचिव की शिकायत पर जंडली के सैनिक विहार निवासी रजनीश अंचित पर मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि रजनीश अंचित ने 19 अक्तूबर 2023 को बोर्ड कार्यालय में सीनियर सेकेंडरी प्रमाण पत्र की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। अपने आवेदन फार्म के साथ उसने अपने प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न की थी। इसमें परीक्षा कुल 244 अंकों के साथ उत्तीर्ण करने बारे वर्णन था। मगर जांच करते समय पाया गया कि बोर्ड कार्यालय के रिकॉर्ड अनुसार परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम रि-अपियर मार्च 2009 है। बोर्ड कार्यालय रिकॉर्ड अनुसार परीक्षार्थी को रि-अपियर कार्ड जारी किया गया है। ऐसे में आभास होता है कि आरोपी ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रमाण पत्र से छेड़छाड़ की है। इस प्रकार की गतिविधि बोर्ड कार्यालय की छवि प्रभावित करती है। जांच के लिए बोर्ड कार्यालय की ओर से आरोपी से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। बाद में 13 मार्च 2024 को आवेदक ने बोर्ड कार्यालय को मेल भेजकर अपना गुम हुआ प्रमाण पत्र मिलने का जिक्र कर अपने आवेदन को रद्द करने का आग्रह किया गया। इस प्रकिया से उसके प्रमाण पत्र के फर्जी होने की बात सामने आई है।

■ जांच में खुलासा होने के बाद हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी सचिव की ओर से दर्ज करवाया गया फर्जीवाड़े का केस

## नाबालिग से दुष्कर्म, सामान लेकर दुकान से घर जा रही थी

**नांगल चौधरी।** खंड के समीपवर्ती एक गांव में तीन से चार युवकों ने मिलकर मानसिक रूप से कमजोर एक 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में डरी सहमी बच्ची किसी तरह अपने घर पहुंची और अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजनों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए पीड़िता का मेडिकल करवा दिया है और मामले की निष्पक्ष जांच में जुट गई है। वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार खंड के एक गांव में बीती दोपहर एक 13 वर्षीय बच्ची घर से नींबू लेने पास की दुकान पर गई थी। जब वह वापस घर जा रही थी तो गांव के ही तीन चार युवकों ने उसे रास्ते में दबोच लिया और पकड़कर जबरदस्ती एक सुनसान खंडहर में ले गए, जहां नाबालिग से दुष्कर्म किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एक आरोपी गिरफ्तार : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी छत्रपाल ने बताया कि खंड के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ कुछ युवकों की द्वारा रेप करने की शिकायत मिली है। नाबालिक बच्ची का मेडिकल करवाया गया है। नामजद आरोपितों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। तथा फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही है। एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है बाकी की तलाश के लिए पुलिस अभियान चला रही है।

## गोली मारकर हत्या करने के दोषियों को उम्रकैद

**भिवानी।** अदालत ने एक युवक की गोली मारकर हत्या के चार आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायाधीश ने सभी आरोपियों पर जुर्माना भी किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रवि निवासी जमालपुर ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 11 अगस्त 2021 की सुबह को आरोपियों के द्वारा जान से मारने की नीयत से उन पर गोली चलाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता वह उसका दोस्त साहिल व विकास गोली लगने से घायल हो गए थे जो इलाज के दौरान विकास की पीजीआई रोहतक में मृत्यु हो गई थी। जो इस शिकायत पर पुलिस ने अभियोग थाना बवानी खेड़ा में दर्ज किया था। तब से मामला अदालत में विचाराधीन था। अदालत द्वारा अभियोग के ट्रायल के दौरान 4 आरोपीयों को दोषी पाते हुए प्रत्येक आरोपी को उम्रकैद की सजा व प्रत्येक आरोपी पर 15,500 रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने आरोपी अरविंद पुत्र महेंद्र निवासी जमालपुर,राजू उर्फ गुरबाज सिंह पुत्र मुख्तार सिंह निवासी गांव सिपर ,आरोपी जसवंत पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जमालपुर ,आरोपी हरेंद्र पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जमालपुर जिला भिवानी को सजा सुनाई।

# गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर लैम्बॉर्गिनी से स्टंटबाजी, टनल में स्कॉर्पियो से लगाई रेस

■ युवक ने तीन लेन की रोड पर जा रहे वाहनों के बीच से तेज रफ्तार से जिगजैग ओवरटेकिंग भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम के पॉश इलाके गोल्फ कोर्स रोड पर 6 करोड़ रुपए की लैंबॉर्गिनी से स्टंटबाजी करने का मामला सामने आया है। पीले रंग की लैंबॉर्गिनी में सवार युवक ने तीन लेन की रोड पर जा रहे वाहनों के बीच से तेज रफ्तार से जिगजैग ओवरटेकिंग भी की। इस स्टंटबाजी का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लैंबॉर्गिनी सवार युवक टनल में एक स्कॉर्पियो से भी रेस लगा रहा है। वहीं आपत्तिजनक इशारे किए। इस दौरान कई वाहन लैंबॉर्गिनी से टकराने से बचे। वायरल होने पर वीडियो पुलिस के पास भी पहुंच गया है और पुलिस लैंबॉर्गिनी सवार युवक का पता लगा रही है।

■ पीले रंग की छह करोड़ की गाड़ी में सवार था युवक



### वीडियो वायरल

गोल्फ कोर्स रोड पर बनी इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि लैंबॉर्गिनी और स्कॉर्पियो ने टनल में तेज रफ्तार से एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश की। टनल से पहले लैंबॉर्गिनी सवार युवक रोड पर भी पर स्टंटबाजी कर रहा था। यहां वह सडक़ पर जा रहे वाहनों को जिगजैग स्टाइल में ओवरटेक करते हुए आगे बढ़ता दिख रहा है। इस दौरान वह चिल्लाता भी जा रहा है।

### न हादसे का डर न चालान का भय

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लैंबॉर्गिनी और स्कॉर्पियो की रेस में कई बार हादसे की स्थिति बन गई। मगर, इन युवाओं को न तो हादसा होने का खौफ है और न ही पुलिस द्वारा चालान काटने का डर है। वहीं यूजर्स इस लापरवाही पर गुस्सा जता रहे हैं और सवाल उठा रहे हैं कि आखिर गुरुग्राम की सडक़ें स्टंटबाजों के लिए इतनी आसान क्यों बन रही हैं। वहीं मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो कहां का है ये पुष्टि करके संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच करेगी।

### टैक्सी से एक्सीडेंट होते-होते बचा

लैंबॉर्गिनी और स्कॉर्पियो की रेस के दौरान एक टैक्सी ड्राइवर यात्री को ले जा रहा था। अचानक वह इस रेस के बीच फंस गया। उसने किसी तरह अपनी टैक्सी की दिशा बदलकर एक्सीडेंट होने से बचाया। वीडियो में टैक्सी ड्राइवर का हड़बड़ाहट में दिशा बदलना भी नजर आता है। इसके अलावा कई अन्य वाहन ड्राइवरों ने भी खुद को इस रेसिंग से बचाया।

## कुआं पूजन में हर्ष फायरिंग से गोली लगने से किशोर की मौत

**जींद।** गांव मुआना में कुआं पूजन के दौरान बज रहे डीजे के आगे हर्ष फायरिंग में घायल हुए किशोर की पीजीआई में बीती रात मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ शस्त्र अधिनियम तथा हत्या का मामला दर्ज किया है। गांव मुआना निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पडोसी देशराज के यहां पौता होने पर गत 11 जून को कुंआ पूजन का आयोजन किया गया था। डीजे बजाया जा रहा था। परिवार के लोग तथा रिश्तेदार नाच रहे थे। उसका 13 वर्षीय बेटा अशीष डीजे पर नाच रहे लोगों को देख रहा था। डीजे पर नाच रहे लोगों के बीच गांव का ही दिनेश अपने पास मौजूद असलहा से खुशी मे फायरिंग कर रहा था।

उसी दौरान दिनेश द्वारा किए गए फायर की गोली उसके बेटे आशीष को जा लगी। जिसमें आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पहले सफीदों के निजी अस्पताल तथा बाद में पीजीआई रोहतक ले जाया गया। जहां पर बीती रात उपचार के दौरान आशीष की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने अनिल की शिकायत पर आरोपित दिनेश के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, हत्या का मामला दर्ज कर किया है।

मृतक किशोर पांच भाई बहनों में सबसे छोटा था और आठवीं कक्षा का छात्र था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि मृतक किशोर के पिता ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

■ 11 जून को डीजे पर डांस के दौरान फायरिंग, मृतक के पिता की शिकायत पर केस दर्ज

## पिता की हत्या कर युवक ने शव को नहर में फेंका, गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या (ब्लाइंड मर्डर) की गुत्थी को मात्र 12 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी गांव हरिकोट निवासी विजेंदर को गिरफ़्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी विजेंदर ने घरेलू विवाद के चलते अपने पिता रमेश कुमार के सिर में वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने शव को स्याहड़वा नहर में फेंक दिया ताकि यह प्रतीत हो कि मृत्यु डूबने से हुई है। पुलिस ने बताया कि 13 जून को स्याहड़वा पंप हाउस के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ था, जिसके सिर पर गहरी चोट के निशान थे। पुलिस ने शव की पहचान व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला थाना आजाद नगर में दर्ज किया। बाद में शव की पहचान गांव हरिकोट निवासी रमेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विजेंदर को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि विजेंदर ने अपनी मां के साथ मिलकर यह वारदात की। आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में आगे की पूछताछ व जांच जारी है।

■ विजेंदर ने घरेलू विवाद के बाद पिता के सिर पर चोट मारी


हिसार। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में एचडीएफसी बैंक




**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया।

### बीते सप्ताह सभी तेल और तिलहन के भाव मजबूत रहे

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में तेजी के बीच घरेलू तेल बाजार में बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहनों के दाम पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार दर्शाते बंद हुए। शिकॉगो एक्सचेंज में 13 जून को सोयाबीन डीगम तेल के दाम में 56 डॉलर प्रति टन की बढ़ोतरी होने के बाद वहां बाजार में ऊपरी सर्किट लगाना पड़ा। इसके बाद डीगम के दाम में हुई बढ़ोतरी के असर से बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम में तेजी आई।

### वोल्टास के वोल्टबेक का राजस्व 39.5 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** वोल्टास और तुर्किये की कंपनी अर्सेलिक के संयुक्त उद्यम वोल्टबेक होम अप्लायंसेज ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने घाटे को कम करके 241.89 करोड़ रुपये कर दिया। इस दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 39.5 प्रतिशत बढ़कर 2,235.53 करोड़ रुपये हो गया। वोल्टबेक ने मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर 57 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि भी हासिल की।

संयुक्त उद्यम ने मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 1,602.87 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व दर्ज किया था, जबकि इस दौरान उसका घाटा 267.09 करोड़ रुपये रहा था। वोल्टास ने कहा, "रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन में उल्लेखनीय बाजार हिस्सेदारी के साथ संयुक्त उद्यम वोल्टबेक बिक्री मात्रा में सालाना 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।"

### भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा

# भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा; पर नौकरी, सुधारों के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।*


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार सत्ता में आई थी, उस समय आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था तथा फंसे कर्ज की समस्या थी।

#### मुद्रास्फीति नरम, रुपया स्थिर

सुब्बाराव ने कहा, "आज, 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गयी है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।"

#### आज हम चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

सुब्बाराव ने कहा, "पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, यह खुशी का कारण है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं...। अन्य बातों के साथ हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं।' एक सवाल के जवाब में सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) बढ़ रही है, और हम आगे बढ़े हैं। आज हम चार ट्रिलियन (4,000 अरब डॉलर) की अर्थव्यवस्था हैं।



- भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उबर रहा
- सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं
- आज 11 साल बाद आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

#### 11 साल में रोजगार में कोई सुधार नहीं

वहीं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 साल (2004-14) में वृद्धि दर औसतन 6.7 प्रतिशत (नई श्रृंखला के तहत) और मुद्रास्फीति लगभग 8.1 प्रतिशत थी। रोजगार की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर वर्ष 2008 से 2013 तक आरबीआई के गवर्नर रहे सुब्बाराव ने कहा, "...पिछले 11 साल में रोजगार में कोई सुधार नहीं हुआ है।

#### मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत पर स्थिर

उल्लेखनीय है कि अर्थव्यवस्था का प्रमुख पैमाना आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति होती है। पिछले 11 साल में अगर मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत वास्तविक वृद्धि दर (कोविड महामारी 2020-21 में आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बावजूद) 6.2 प्रतिशत, जबकि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत रही है।

#### हम आज भी पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा, "लेकिन जीडीपी सिर्फ एक पैमाना है। आप जानते हैं, हम एक बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, हमारी आबादी 1.4 अरब है।

#### हम अब भी एक गरीब देश

लेकिन सचाई है कि प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से, हम अब भी एक गरीब देश हैं, जो किसी देश की बेहतरी का एक मापदंड है। प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,800 डॉलर (2,878 डॉलर) है, हम इस मामले में 136वें (196 देशों में) स्थान पर हैं। हम ब्रिक्स में सबसे गरीब हैं। हम जी-20 में सबसे गरीब हैं। और हमारे पास दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक गरीब लोग हैं।"



### महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण

हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज रामाशीष चौक, हाजीपुर स्थित रेलवे कॉलोनी का गहन निरीक्षण किया गया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी में साफ-सफाई, रेलकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायजा लिया तथा कॉलोनी के साफ-सफाई से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कॉलोनी में लगे हरियाली पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इसके साथ ही महाप्रबंधक महोदय द्वारा रेलवे कॉलोनी परिसर में स्थित पॉली क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में रेलवे कॉलोनी के कर्मचारीगण महाप्रबंधक महोदय से भेंट कर उन्हें कॉलोनी से संबंधित मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा जिस पर महाप्रबंधक महोदय ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पानी में आयरन की ज्यादा मात्रा के मद्देनजर वाटर प्यूरीफायर प्लांट लगाने तथा कॉलोनी के ड्रेनेज सिस्टम को और बेहतर बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि का जनसंपर्क अभियान तेज भव्य एवं ऐतिहासिक होने जा रहा है योग दिवस कार्यक्रम : भाई राकेश

कुरुक्षेत्र। परम पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज जी के दिशानिर्देशन तथा हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि योगपीठ के जन-सम्पर्क कार्यों ने गति पकड़ ली है। कुरुक्षेत्र के लोगों में उत्साह है कि स्वयं योगऋषि स्वामी रामदेव जी तथा प्रदेश के मुखिया नायब सिंह सैनी उन्हें योगासन व प्राणायाम सिखाने आ रहे हैं। उक्ताशय के उद्गार पतंजलि योग समिति के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश कुमार 'भारत' ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत ही भव्य एवं ऐतिहासिक होने जा रहा है, जिसमें देश के सभी राज्यों से सभी साधक योग का अभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ लेंगे। इस संदर्भ में इस्माईलाबाद के अग्रवाल धर्मशाला व इस्माईलाबाद के गांव खेड़ी शहीदां के ग्रामीण मंदिर में भाई राकेश 'भारत' ने प्रातःकाल योग कक्षा का संचालन भी किया।

## नीट-यूजी 2025 रिजल्ट्सनीट में एलन के टॉप 10 में 4 स्टूडेंट एवं टॉप-100 में 39 स्टूडेंट

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित नीट-यूजी 2025 के रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है।नीट-यूजी 2025 में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स में देश में टॉप रैंक्स के साथ-साथ बड़ी संख्या में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एडमिशन सुनिश्चित किया है।एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि परिणामों में एलन के क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट मृणाल झा ने आल इंडिया रैंक-04 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में चार स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया है, इसमें केशव मित्तल ने आल इंडिया रैंक 07, भव्य चिराग झा ने आल इंडिया रैंक 08 प्राप्त की, ये तीनों एलन के क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आरव अग्रवाल ने आल इंडिया रैंक 10 प्राप्त की है जो कि दूरस्थ शिक्षा से एलन से जुड़े हैं। एलन की आशी सिंह ने आल इंडिया रैंक-12 प्राप्त की है



तथा आल इंडिया गर्ल्स कैटेगिरी में रैंक-2 पर रही हैं। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार टॉप-100 में एलन के 39 स्टूडेंट हैं। इसमें 29 क्लासरूम प्रोग्राम से है। 10 डिस्टेंस लर्निंग एवं ऑनलाइन टेस्ट सीरीज प्रोग्राम से हैं। इस अवसर पर एलन डायरेक्टर्स ने सभी चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि गुणवत्ता के साथ-साथ संख्या की दृष्टि से भी एलन के परिणाम बेहतर रहे हैं। परिणाम देखे जाने तक बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ऐसे सामने आ रहे हैं, जिनका प्रवेश गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए सुनिश्चित माना जा रहा है।उन्होंने कहा कि एलन श्रेष्ठता में विश्वास रखता है। श्रेष्ठ माहौल, श्रेष्ठ फैकल्टीज के साथ ही एलन श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में गत 16 वर्षों में एलन के 13 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने आल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। वर्ष 2024 में चिकित्सा शिक्षा के लिए देश के श्रेष्ठ संस्थान माने जाने वाले एम्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन से था। इसके साथ ही गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों में एलन के 10450 से अधिक स्टूडेंट्स का प्रवेश हुआ।

## यात्री, हल्के ट्रक टायर कारोबार का विस्तार करेगी कॉन्टिनेंटल

- कंपनी को बड़े टायर क्षेत्र में बढ़ोतरी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टायर विनिर्माता कंपनी कॉन्टिनेंटल भारत में अपने यात्री वाहन और हल्के ट्रक टायर कारोबार का विस्तार करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी का इरादा तेजी से बढ़ते यूटिलिटी (उपयोगिता) वाहन खंड की जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने का है। कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि कंपनी को बड़े इंच और बेहद उच्च प्रदर्शन वाले टायर क्षेत्र में बढ़ोतरी की काफी संभावनाएं नजर आ रही हैं। इन टायरों को एसयूवी, 4x4 और स्पोर्टी वाहनों के लिए डिजाइन किया जाता है। उत्तर प्रदेश में अपने मोदीपुरम संयंत्र में उत्पादन क्षमता में



'दोहरे अंक' की बढ़ोतरी और यूटिलिटी वाहनों के लिए बड़े टायर बनाने को 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। यात्री वाहन खंड में इन टायर की हिस्सेदारी अब 60 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। गुप्ता ने कहा कि निर्धारित पूंजी के साथ, कंपनी का लक्ष्य अपने पोर्टफोलियो को भारतीय चालकों की बदलती जीवनशैली के अनुरूप बनाने के लिए अपनी समग्र क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने कहा, "फिलहाल हम संयंत्र में 20 इंच तक के टायर बना सकते हैं।

*यात्री वाहन टायर बाजार स्थिर : गुप्ता ने कहा कि कॉन्टिनेंटल बाजार से अधिक तेजी से बढ़ रही है। यात्री वाहन टायर बाजार लगभग स्थिर है और औसतन दो-तीन प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। हालांकि, हम दोहरे अंक में बढ़ रहे हैं...और हम इस गति को आगे भी बनाए रखना चाहेंगे।"*

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### अगोडा में भारतीय कर्मियों की संख्या में वृद्धि होगी

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच अगोडा के सीईओ ओमरी मोर्गनश्टर्न ने कंपनी के लिए भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार बताते हुए कहा कि भारतीय कर्मचारियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। सिंगापुर मुख्यालय वाली इस कंपनी के कर्मचारियों में भारतीय राष्ट्रीयता वाले कर्मचारियों की संख्या दूसरे स्थान पर है।

## क्रिप्टो करेंसी से आय अब सीबीडीटी की जांच के घेरे में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिप्टो करेंसी से होने वाली आय अब आयकर विभाग की जांच के घेरे में है। विभाग ने हजारों ऐसे व्यक्तियों को ई-मेल भेजा है, जिन्होंने क्रिप्टो करेंसी का लेनदेन किया है, लेकिन अपने रिटर्न में इससे होने वाली आय का उल्लेख नहीं किया है। ये लेनदेन आकलन वर्ष 2023-24 और 2024-25 से संबंधित हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को उन कुछ 'उच्च जोखिम'' वाले लोगों पर कर चोरी और धनशोधन में शामिल होने का संदेह है, जो संभावित रूप से 'बेहिसाब'' आय का उपयोग



- आयकर विभाग लोगों को भेजे जा रहे ई-मेल

आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों (वीडीए) यानी क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के लिए कर रहे हैं। आयकर विभाग ने उन हजारों चूककर्ताओं को ई-मेल भेजकर उन्हें अद्यतन आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए कहा है, जिन्होंने क्रिप्टो लेनदेन के कारण होने वाली आय की घोषणा नहीं की है।

*बड़ी संख्या में लोगों ने वीडीए दाखिल नहीं किया : सूत्रों के अनुसार, आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि बड़ी संख्या में लोगों ने आईटीआर की अनुसूची वीडीए (क्रिप्टो से होने वाली आय) दाखिल न करके और अर्जित आय पर कम दर से कर भुगतान किया या लागत सूचकांक का दावा करके आयकर अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।*

## ओला इलेक्ट्रिक ने गुरूग्राम में रोडस्टर X की डिलीवरी शुरू की

**गुरूग्राम।** भारत की सबसे बड़ी EV कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने आज गुरूग्राम में अपनी रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलों की डिलीवरी शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने अपने राइड द फ्यूचर अभियान के तहत पहले 5,000 ग्राहकों के लिए 10,000 मूल्य के ऑफर की भी घोषणा की। इन्हें एक्सटेंडेड वारंटी, मूवओएस+ और आवश्यक देखभाल फ्री में मिलेगी।रोडस्टर एक्स सीरीज में मिड-ड्राइव मोटर है जो परफॉरमेंस और सेफ्टी को बढ़ाती है। रोडस्टर सीरीज के पावरट्रेन में चेन ड्राइव और एक इंटीग्रेटेड MCU भी है। ये टॉर्क को आराम से ट्रांसफर करता है। इससे बेहतर एक्सीलरेशन यानी, त्वरण और रेंज मिलती है। रोडस्टर एक्स सीरीज की मोटरसाइकिलों में फ्लैट केबल भी हैं। ये इंडस्ट्री फर्स्ट इनोवेशन है यानी इसका इस्तेमाल बाइक इंडस्ट्री में पहली बार किया गया है। ये केबल्स बाइक को हल्का बनाते हैं, जगह बचाते हैं, और थर्मल परफॉरमेंस को बढ़ाते हैं। यानी गर्मी को बेहतर तरीके से हैंडल करते हैं। इससे बाइक ज्यादा टिकाऊ और भरोसेमंद बनती है।ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और एमडी भाविश अग्रवाल ने कहा, स्कूटर तो बस शुरुआत थी।

## राशिफल


**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।


**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।


**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।


**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।


**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।


**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।


**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।


**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

### नेपाल ने भारतीय ग्रिड से बांग्लादेश को बिजली बेची



**काठमांडू।** नेपाल ने भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू कर दिया है। नेपाल, भारत और बांग्लादेश ने तीन अक्टूबर, 2024 को नेपाल द्वारा उत्पादित बिजली को भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को निर्यात करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नेपाल के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश को बिजली का निर्यात शनिवार आधी रात से शुरू हो गया है। समझौते के मुताबिक, नेपाल 15 जून से 15 नवंबर तक 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करेगा। यह बिजली भारत की 400 केवी की मुजफ्फरपुर-बहरामपुर-भेरामारा पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को भेजी जाएगी। पिछले साल, नेपाल ने समझौते को लागू करने के प्रतीक के तौर पर 15 नवंबर को एक दिन के लिए बांग्लादेश को बिजली का निर्यात किया था।

## जून के लिए एसी विनिर्माताओं ने बिक्री अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में लगातार पड़ रही गर्मी ने जून में कमरे वाले एयर-कंडीशनर (आरएसी) की बिक्री में उछाल ला दिया है। हालांकि, देश के कई हिस्सों में सबसे ज्यादा मांग वाले सीजन के दौरान रुक-रुक कर हो रही बारिश ने कंपनियों को इस साल बिक्री अनुमान को घटाकर 10-15 प्रतिशत करने पर मजबूर कर दिया है। कमरे वाले एसी के लिए सर्वाधिक मांग



वाले सीजन गर्मियों में इस बार एसी विनिर्माताओं को निराशा हाथ लगी है। हालांकि, जून में गर्मी के कारण तेज खरीदारी के कारण कुछ उम्मीद की किरणें भी दिख रही हैं। आरएसी विनिर्माताओं ने कहा कि फरवरी और मार्च में उत्साहजनक संख्या के बाद, गर्मियों के जल्दी आने से उन्हें मदद मिली, वे पिछले साल की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत की उच्च दोहरे अंकों की मात्रा वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे, और उन्होंने भंडारण भी बना लिया था।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पिछले सप्ताह कहा था कि जून के मध्य से तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आ सकती है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ के आने से ठंडी हवाएं, बारिश और आंधी आने की संभावना है।

*टाटा ने 25 लाख से अधिक एसी बेचे : टाटा समूह की कंपनी वोल्टास की हालिया सालाना रिपोर्ट के अनुसार, इसने 25 लाख से अधिक एसी की बिक्री और पांच लाख से अधिक एयर कूलर की बिक्री के साथ रिकॉर्ड-तोड़ मील के पत्थर हासिल किए हैं। हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष एन एस सतीश ने कहा कि आरएसी के लिए सालाना वृद्धि 30 प्रतिशत है।*

### शब्द पहेली - 5899




**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5898 का हल





# महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश ने ली 8 लोगों की जान

## अधिकारियों ने बताया 10 लोग घायल हो गए, सेना ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को 8 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस लोग घायल हुए हैं।

### तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट'

मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं।



बारिश ने राहत के साथ ही बरसाई आफत

### जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही

मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, जिनमें से अधिकतर मौत आसमानी बिजली गिरने के कारण हुईं। कोंकण क्षेत्र की प्रमुख नदियों में रत्नागिरि जिले की जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। आपदा प्रबंधन रिपोर्ट में कहा गया है यदि जलस्तर और बढ़ता है तो नदी के किनारे बसे खेड़, अलसुरे, चिंचघर और प्रभुवाडी गांव प्रभावित हो सकते हैं।

### रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में पूर्वाह्न 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई।

### समुद्र से उठेंगी लहरें

*मौसम विभाग की मानें तो रविवार को समुद्र में 4.27 मीटर की ऊंचाई तक लहरें उठीं।अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात 2 बजकर 37 मिनट पर 3.55 मीटर तक की लहरें और सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर 1.06 मीटर की निम्न स्तर की लहरें उठने का पूर्वानुमान है।*

### आईएमडी ने चेतावनी जारी की




### कई राज्यों में बारिश से बढ़ेंगी मुश्किलें, रहें सावधान

देशभर में चिलचिलाती गर्मी और हीटवेव से बेहाल लोगों के लिए राहत की खबर है। मॉनसून ने अब कई राज्यों में दस्तक दे दी है और पहले ही झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लेकिन फुहारों के साथ ही कुछ इलाकों में मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई हिस्सों के लिए येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। कहीं बादल जमकर बरस रहे हैं, तो कहीं तेज हवाओं और धूल भरी आंधियों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। केरल, गोवा, तमिलनाडु और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में मूसलाधार से जलभराव और पेड़ गिरने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में गर्म हवाएं और लू अभी भी लोगों को परेशान कर रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग अलर्ट रहें और मौसम विभाग के निर्देशों का पालन करें।

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी



**मुंबई।** यहां के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम धमाका करने की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बीकेसी पुलिस ने बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात अज्ञात व्यक्ति का धमकी वाला फोन आया था।

### मुंबई में हुक्का पार्लर पर छापा, 24 गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने रविवार तड़के पूर्वी उपनगर में एक हुक्का पार्लर पर छापा मारा और 24 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर छेदा नगर जंक्शन स्थित पार्लर पर छापा मारा। प्रबंधक, मालिक व ग्राहकों समेत 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### एंबुलेंस से टकराई पिकअप पांच लोगों की दर्दनाक मौत



**समस्तीपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह सड़क हादसे में एंबुलेंस सवार 5 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के चौरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर सुबह करीब 5.30 बजे हुई। हरियाणा के फिरोजपुर के अशोक शर्मा के शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव ले जाया जा रहा था।

### भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय आईसीयू में



**कोलकाता।** भाजपा के सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय को बेचैनी की शिकायत के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत गंभीर, लेकिन स्थिर है। हाईकोर्ट के पूर्व जज गंगोपाध्याय को शनिवार को उल्टी पेट में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## गृहमंत्री शाह ने सीएम योगी के साथ डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र बांटे

# अब न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश, सिर्फ योग्यता के आधार पर मिल रही युवाओं को नौकरी



शाह ने कहा यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। लेकिन, फिर समय आया और योगी मुख्यमंत्री बने और यहां पर फिर कानून का राज स्थापित हुआ।

**ये सभी लोग देश के सबसे बड़े प्रदेश के पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि न पर्ची, न खर्ची, न जाति, न भ्रष्टाचार, बल्कि योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। यूपी दंगा मुक्त हो चुका है। यहां अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिला है। यूपी में न्याय का शासन है। यहां पर योग्यता के आधार पर अब नौकरी मिलती है।

केंद्रीय मंत्री शाह ने रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी के साथ राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 60,244 नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र बांटे। केंद्रीय मंत्री शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी के साथ राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 60,244 नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र बांटे। आज इन 60,244 युवाओं के लिए सबसे शुभ दिन है। आज ये सभी लोग देश के सबसे बड़े प्रदेश के पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। लेकिन, फिर समय आया और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और यहां पर फिर कानून का राज स्थापित हुआ।

### योगी सरकार के बाद प्रदेश में काफी बदलाव दिख रहा

शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तीन साल बाद तक यूपी में बदलाव नहीं हुआ। लेकिन योगी सरकार बनने के बाद यहां काफी बदलाव हुआ। आज किसी युवा को एक पैसा भी नहीं देना पड़ा, न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश, सिर्फ योग्यता के आधार पर आप सबको चयनित किया गया। इसमें 12 हजार से अधिक बच्चियां हैं। आज बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान, तेज, आत्मसंतोष देखकर काफी सुकून मिला।



### यूपी दंगामुक्त, अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता

शाह ने कहा कि यूपी आज दंगा मुक्त हो चुका है। आज यूपी में अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता। पिछले 11 साल के अंदर 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। गैस सिलेंडर, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, आदि मिल रहा है। जब पीएम नरेंद्र मोदी आए तब देश आर्थिक जगत में 11वें नंबर पर था। आज हम चौथे पायदान पर हैं। 2027 तक हमारा देश दुनिया के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि सभी युवा यूपी पुलिस का हिस्सा बनिए। गरीब, वंचित को आपके अंदर मसीहा दिखना चाहिए। ऐसा काम कीजिए। यूपी में अच्छा काम करते हुए आप देश की सेवा करेंगे।

### मोदी सरकार ने देश को नया उजाला दिया

पिछले 11 साल के अंदर देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। करोड़ों लोगों को गैस सिलिंडर, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, किसान को छह हजार रुपये सालाना देकर मोदी सरकार ने एक नया उजाला देने का काम किया है। जब नरेंद्र मोदी आए तब देश अर्थतंत्र में 11वें नंबर पर था। आज हम चौथे नंबर पर हैं। 2027 तक हमारा देश दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है। पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था। आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं। मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे। कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे। मोदी के शासन में तीन बार प्रयास हुआ। उरी में हमला किया तो सर्जिकल स्ट्राइक किया। पुलवामा किया तो हमने एयर स्ट्राइक किया। पहलगाम में हमला किया तो आपरेशन सिंदूर से हमने उनके मुख्यालय को जमीन में मिला दिया। जहां पर बैठकर वो इंटरव्यू देते थे, वहां से रोने के उनके वीडियो सामने आ रहे हैं।


### न्याय को वर्षों तक नहीं भटकना पड़ेगा

भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और नागरिक सुरक्षा अधिनियम, मैं आज आपको इन तीन कानूनों के बारे में बता रहा हूं। पांच साल में देश में ऐसी स्थिति पैदा हो जाएगी कि अगर कोई एफआईआर दर्ज होती है, तो नागरिक को तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिलेगा।

### यूपी में केवल कानून का राज चल रहा

एक समय था जब यूपी पुलिस की तुलना देश के हर राज्य में सबसे बेहतर में होती थी। लेकिन, यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। समय फिर लौटा और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। यहां पर फिर कानून का राज स्थापित है।

## मथुरा में इमारत ढहने से बड़ा हादसा



# खुदाई के दौरान टीले पर बने मकान ढहे, 12 दबे, 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में इमारत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। खुदाई के काम के दौरान टीला भरभरा कर गिर गया। इससे एक मकान गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। हालांकि हादसों के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। मलबे में फंसे अन्य सभी को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अब तक 4को बाहर निकाले गए हैं। मौके पर अधिकारी, पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंच गई है। मलबा हटाने और लोगों को निकाला जा रहा है।

### मलबा हटाने जेसीबी की मदद ली

पुलिस मौके पर पहुंची। उधर जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार भी पहुंचे। आगरा से एसडीआरएफ की टीम बुला ली गई। जेसीबी से मलवा हटाना शुरू किया तो तीन लोग दबे निकले। इनमें एक बच्ची, एक किशोरी और एक पुरुष थे। तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना में शाहगंज दरवाजा, कच्ची सड़क निवासी तुलाराम , गौतम पाड़ा वृंदावन निवासी काजल और गौतम पाड़ा वृंदावन निवासी यशोदा की मौत हुई है।

### मस्क के न्यूरालिंक डिवाइस ने किया कमाल : ब्रेन चिप के जरिए बंदर ने देखा काल्पनिक दृश्य, इंसान पर भी टेस्ट!



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने एक नई तकनीक के जरिए एक बंदर को ऐसी चीजें देखने में सक्षम बना दिया जो वास्तव में वहां नहीं थीं। यह तकनीक दृष्टिहीन लोगों को देखने की क्षमता देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। कंपनी ने एक ऐसे ब्रेन इम्प्लांट डिवाइस का सफल परीक्षण किया है, जो मस्तिष्क के विजुअल हिस्सों को उत्तेजित कर उस दृश्य की कल्पना करवा सकता है जो वहां असल में मौजूद नहीं है। इस तकनीक का नाम है ब्लाइंडसाइट और यह नेत्रहीनों को देखने की नई उम्मीद दे सकती है। न्यूरालिंक के इंजीनियर जोसेफ ओ डोहार्टी ने बताया कि परीक्षण के दौरान बंदर ने दो-तिहाई बार उन वस्तुओं की ओर आंखें घुमाईं, जिन्हें वैज्ञानिकों ने दिमाग को भ्रमित कर दिखाने की कोशिश की। इस प्रयोग को हाल ही में एक कॉन्फ्रेंस में सार्वजनिक किया गया है।

## डॉ. कृष्णा सक्सेना की किताब 'फ्लावर्स ब्लूम' का विमोचन

भारत के चार पूर्व राष्ट्रपतियों के मानद चिकित्सक के रूप में प्रसिद्ध पद्मश्री डॉ. कल्याण बनर्जी ने किया विमोचन





**नई दिल्ली।** वरिष्ठ लेखिका डॉ. कृष्णा सक्सेना की नई पुस्तक 'फ्लावर्स ब्लूम' का विमोचन, पद्मश्री डॉ. कल्याण बनर्जी के हाथों हुआ। 'फ्लावर्स ब्लूम' कई सरल और मार्मिक लघु कहानियों का संग्रह है, जो मानवीय मूल्यों को सामने लाती हैं। पुस्तक की लेखन शैली सरल है और साथ ही यह पाठकों को चिंतन, और जागरूकता के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। कई पुस्तकों की लेखिका डॉ. कृष्णा 1955 में उत्तर प्रदेश से पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वाली पहली महिला उम्मीदवार थीं। विमोचन के अवसर पर डॉ. कृष्णा सक्सेना ने कहा, "कहानियों में दिल को छू लेने वाली ताकत होती है। हमारे वेद भी कहानियों के माध्यम से ही बोलते हैं। मैं आशा करती हूँ कि यह पुस्तक पाठकों के भीतर उस कोमल आवाज को जाग्रत करेगी, जो अंतः करण, करुणा और स्पष्टता की आवाज है। यदि यह पुस्तक पाठकों को रुक कर चिंतन करने, थोड़ा और दयालु होने और विचारशील होने के लिए प्रेरित करती है तो मैं अपने प्रयास को सफल मानूँगी। पुस्तक पर टिप्पणी करते हुए डॉ. कल्याण बनर्जी ने कहा, "डॉ. सक्सेना द्वारा लिखी गई प्रत्येक पुस्तक उनके विविध, समृद्ध जीवन और भावनात्मक अनुभवों का प्रमाण है।

### मणिपुर में 328 हथियार व गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों के जॉइंट सर्च आपरेशन में 328 हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। इनमें सेल्फ लोडिंग राइफल्स और इंसास जैसी राइफलें शामिल हैं। मणिपुर पुलिस के एडीजीपी ल्हारी दोरजी ल्हाटू ने बताया कि पुलिस, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स, सेना और असम राइफल्स की जॉइंट टीम ने 13-14 जून की आधी रात पांच जिलों में छापेमारी की थी। इसमें 151 एसएलआर राइफलें, 65 इंसास राइफलें, छह एके सीरीज राइफलें, दो अमोघ राइफलें, एक एआर-15 राइफल, पांच कार्बाइन बंदूकें, दो एमपी5 बंदूकें, 12 लाइट मशीन गन , छह पिस्टल समेत अन्य युद्ध सामग्री बरामद हुई। इसके अलावा 591 मैगजीन और हजारों राउंड (गोलियां) बरामद हुए।

## महाकाल मंदिर में बदली दर्शन व्यवस्था

# नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद सिर्फ मोस्ट वीआईपी ही 'जा' सकेंगे

भारी भीड़ को देखते हुए लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में ग्रीष्म अवकाश और शनिवार-रविवार की छुट्टियों के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने रविवार को नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद कर दी है। अब सिर्फ मोस्ट वीआईपी को ही नंदी हॉल में दर्शन की अनुमति दी जा रही है, जबकि सामान्य श्रद्धालुओं को गणेश मंडपम के सामने से दर्शन कराए जा रहे हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मंदिर प्रशासन ने वर्तमान में चलायमान (मूविंग दर्शन) व्यवस्था लागू की है।





### ऐसी है मंदिर की दर्शन व्यवस्था

अब भक्त महाकाल लोक, मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से होकर महाकाल टनल-1 से गुजरते हुए गणेश मंडपम तक पहुंचते हैं। यहां लगाए गए बेरिकेड्स के जरिए भगवान महाकाल के दर्शन कर, फिर पालकी हॉल होते हुए एंबुलेंस गेट से बाहर निकलते हैं। इसके अलवा गेट नंबर 1 से एंट्री करने वाले श्रद्धालु कार्तिकेय मंडपम के रास्ते गणेश मंडपम पहुंचते हैं।

# अब डीजीसीए के कड़े मानदंडों से होकर गुजरना होगा बोइंग विमानों को

हरिभूमि ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद हवाई दुर्घटना के बाद केंद्र सरकार ने बोइंग 787-8 और 787-9 फ्लीट पर बढ़ी हुई सुरक्षा जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। एयर इंडिया सहित इंडिगो जैसी अन्य विमानन कंपनियों के पास बोइंग श्रेणी का विमान है उसे डीजीसीए के कडे सुरक्षा मानदंडों की कसौटियों से होकर अब गुजरना होगा। अब तक एयर इंडिया ने अपनी 33 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9) में से 9 विमानों पर एक बार के सुरक्षा जांच पूरी कर ली थी। बाकी 24 विमानों की जांच प्रक्रिया चल रही थी, और एयर इंडिया ने कहा कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। भारतीय फ्लीट में मौजूद 34 ड्रीमलाइनर में से 8 की जांच पूरी हो चुकी है। बाकी की जांच तत्काल प्रभाव से करने के सख्त निर्देश हैं। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित बोइंग विमानों की ईंधन की आपूर्ति और मॉनिटरिंग सिस्टम की जांच सहित केबिन के दबाव और हवा की गुणवत्ता से संबंधित सिस्टम की जांच, इंजन के नियंत्रण सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच को बेहद सूक्ष्मता से किया जा रहा है। इसके अलावा, ईंधन से संबंधित एक्ट्यूएटर्स की कार्यक्षमता, हाइड्रॉलिक सिस्टम की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता, टेकऑफ टेकऑफ के दौरान विमान के प्रदर्शन डेटा की जांच, के साथ ये भी परखा जा रहा है कि ट्रांजिट जांच के दौरान फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम की अनिवार्य नियंत्रण सिस्टम ठीक काम कर रहे हैं। डीजीसीए ने एयर इंडिया को दो सप्ताह के भीतर पावर एश्योरेंस टेस्ट करने का निर्देश दिया, जो यह सुनिश्चित करता है कि इंजन आवश्यक शक्ति प्रदान करने में सक्षम हैं।



## वित्त मंत्री सीतारमण ने लद्दाख में महिला उद्यमियों से की मुलाकात

# महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाएंगे

**क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा**

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के स्वसहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी, उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अपने स्टॉल पर पारंपरिक शिल्प और हथकरघा वस्त्र का प्रदर्शन किया। वे चार दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची हैं।





### उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता को सराहा

वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका के बारे में बताया। यह पहल महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने, रोजगार को केंद्र की समावेशी योजना है।

### प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी करेंगी

वित्त मंत्री लद्दाख के 4 दिवसीय दौरे पर हैं। वे क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएएचडीसी) के पार्षदों और लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी। वह अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगी।


### पीएम मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक लोन स्वीकृत किए

मोदी सरकार ने प्रमुख डीएवाई-एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन योजना के तहत वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 90.76 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में 10.04 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित करने में सफलता प्राप्त की है। गरीबों के लिए पीएम मुद्रा योजना के तहत 32.61 लाख करोड़ रुपए के 52 करोड़ से अधिक लोन स्वीकृत किए गए हैं। 2025 में इस योजना को 10 वर्ष पूरे हुए हैं। इस योजना ने छोटे शहरों और गांवों में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है, क्योंकि लगभग 70 प्रतिशत मुद्रा लोन महिला उद्यमियों द्वारा लिए गए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है।

चिंतन

# स्कूल से महरूम बच्चों की संख्या में वृद्धि चिंतनीय

विश्व की सरकारें प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक लक्ष्य का निर्वहन नहीं कर पा रही हैं। दुनिया भर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। साफ है कि ये बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। भारत में करीब 14 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि देश में सरकारें बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए मिड डे मिल से लेकर मुफ्त शिक्षा तक के अनेक कार्यक्रम चला रही हैं। भारत में पिछले 12 से 13 वर्ष में गरीबी दर में काफी गिरावट आई है, इससे आर्थिक प्रगति का पता चलता है, लेकिन स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों, स्कूल से ड्रॉप आउट करने वाले बच्चों, माध्यमिक शिक्षा तक का सफर तय नहीं कर पाने वाले बच्चों और उच्च शिक्षा तक नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों की संख्या में अपेक्षित गिरावट नहीं आई है। भारत में अत्यधिक गरीबी से सामान्य गरीबी में जीने वाले परिवारों की बड़ी संख्या की वजह से शिक्षा इनकी प्राथमिकता नहीं रह पाती है। भारतीय स्कूलों में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा है, लेकिन बच्चों के लिए किताब, कलम कॉपी से लेकर भोजन और वस्त्र के इंतजाम गरीब परिवारों के लिए परेशानी पैदा करते हैं। गरीब परिवार अपने गुजर-बसर में अपने बच्चों को शामिल कर लेते हैं। यह स्थिति दुनिया भर में देखी जाती है। गरीबी और शिक्षा का सीधा संबंध है। विश्व की कई सरकारें अपनी शिक्षा व्यवस्था को निजी क्षेत्र के हवाले छोड़े हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम (जीईएम) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में आशंका जताई है कि 2025 के अंत तक देश शिक्षा के अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों से पिछड़ सकते हैं। अभी 27 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह संख्या पिछले वर्ष से 2.1 करोड़ अधिक है। मतलब साफ है कि स्कूल न जाने वालों की संख्या में कमी आनी चाहिए, उल्टे यह बढ़ रही है। विश्व की सरकारों का प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर फोकस नहीं है। धार्मिक रूढ़िवाद भी शिक्षा के लक्ष्य हासिल करने में बाधा बन रहे हैं। अफगानिस्तान समेत कुछेक कट्टर इस्लामिक सोच वाली सरकारें हैं, जो लड़कियों की शिक्षा को रोक रही हैं। स्कूलों में नए नामांकन में वैश्विक स्तर पर कमी आई है। शिक्षा मूलभूत अधिकार है, सबके लिए, इसके बावजूद कई कट्टर इस्लामिक सरकारें हैं, तो बालिकाओं की शिक्षा के मार्ग को अवरूद्ध कर रहे हैं। 2021 में अफगानिस्तान में माध्यमिक विद्यालय में लड़कियों के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विश्व भर में सैन्य संघर्ष बढ़ने व हमले होने के चलते भी स्कूल शिक्षा को धक्का लगा है, प्रभावित क्षेत्र में बच्चों का सुरक्षित स्कूल पहुंचना मुश्किल हुआ है। जनसंख्या में भी वृद्धि हो रही है, जिसके चलते यूनेस्को के अनुमान में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन जनसंख्या में वृद्धि के साथ विश्व स्तर पर सरकारों को अपने-अपने मुल्क में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में उत्तर प्रदेश, असम व झारखंड ऐसे राज्य हैं, जहां स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की संख्या अन्य राज्यों से अधिक है। एक सर्वे के मुताबिक, भारत में तकरीबन 2 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जो कभी स्कूल नहीं गए। भारत में 14 वर्ष की आयु तक सभी बच्चों के लिए अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा के बावजूद अगर शत प्रतिशत बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच रहे हैं, तो यह सरकारों की बड़ी विफलता है। बेहतर नागरिक का निर्माण राज्य का संवैधानिक दायित्व है, इसलिए सरकार यह सुनिश्चित करे कि 14 वर्ष तक के सभी बच्चे स्कूल में हों।



विश्लेषण
शिवप्रकाश

# रक्षा क्षेत्र में मजबूत बन रहा भारत

> गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है।

हाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं।

चाणक्य नीति में कहा कि "शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते" अर्थात शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो, उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता 'क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो' इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं। भारतीय जनसंघ ने अपने 1964 के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिए।"सिद्धांत एवं नीतियां" नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी। प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिए शस्त्रधारी हैं। इसलिए भारत माता भी परमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने, इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति इसी का उदाहरण है। जहां कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए 'जी' जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं 'बिरयानी खिलाना' जैसे उपक्रम चल रहे थे वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गए। रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था, अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोला बारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म , नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई हैं। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रों की खरीद के लंबे



समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुके हैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है। एस-400, सुखोई -30, इजरायल से ड्रोन, हैमर मिसाइल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम ( मल्टी बैरल राकेट लांचर) , वरुणास्त आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराने में हम सक्षम हुए हैं। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं, हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल,टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174% की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 127265 करोड़ हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 17 नवंबर 2021 (राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व, झांसी) के अपने संबोधन में कहा कि "भारत अपनी रणनीतिक व सुरक्षा आवश्यकताएं अन्य देशों पर निर्भर होकर पूरा नहीं कर सकता ... सरकार निरंतर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयासरत है।'' रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं, हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था। 2014 से 2024 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है।

आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है। देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। नक्सली हिंसा में लिप्त आतंकी अपनी अंतिम सांस गिन रहे हैं। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। 11 वर्षों बाद 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। बड़े-बड़े इनामी नक्सली आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं। सरकार के नक्सलमुक्त देश के संकल्प से लगता है कि भावी पीढ़ी नक्सलवाद नाम ही भूल जाएगी। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक 'सेंट जॉर्ज क्रॉस' को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है। भारत को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह प्रयास देश की जनता में यह विश्वास जगाने में सफल हुए हैं कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत



# थम नहीं रहा देश में बढ़ती गर्मी का कहर

आजकल भीषण गर्मी के कहर और लू की भयावहता से सर्वत्र त्राहि-त्राहि मची है। गर्मी ने सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस भीषण गर्मी के चलते जहां लोग हाय-हाय कर रहे हैं, वहीं हजारों-लाखों लोग गर्मी जनित बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में जाने को मजबूर हैं। मैदान से लेकर पहाड़ तक सब तेज गर्मी से झुलस रहे हैं। हालत यह है कि दिन के साथ रातें भी गर्म हैं। लू अर्थात हीटवेव की तीव्रता और घातकता में दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। आईपीई ग्लोबल और इसरो इंडिया के अध्ययन की मानें तो अगले पांच सालों में यानी 2030 तक देश के दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत, ठाणे, भुवनेश्वर, हैदराबाद और पटना जैसे शहरों में लू के दिन दोगुने हो जायेंगे। यही नहीं, देश के 69 फीसदी तटीय जिले 2030 तक जून से लेकर सितम्बर के लम्बे समय तक भीषण गर्मी की मार झेलेंगे। मौजूदा समय में देश के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, मेघालय और मणिपुर आदि राज्यों के 84 फीसदी जिले चरम लू जैसी स्थिति की चपेट में हैं। देश की राजधानी दिल्ली बीते पांच दिनों से भट्ठी की तरह तप रही है। राजस्थान का गंगानगर जिला और पंजाब का बठिंडा जिला 48 डिग्री को पार कर गया है। देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू से होने वाली मौतों को रोकने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण लोगों की मौतों को लेकर जारी रिपोर्ट पर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली समेत 11 राज्यों को कमजोर वर्गों खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल समुचित एवं एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार बीते 22 महीनों में से 21 महीने धरती का तापमान पूर्व औद्योगिक काल वर्ष 1850 से 1900 तक के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। जबकि 2024 से मई 2025 की अवधि में वर्ष 1850- 1900 बेंचमार्क की तुलना में धरती 1.57 डिग्री सेल्सियस गर्म रही। असल में धरती का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह समूची दुनिया के लिए ख़तरनाक संकेत है। यह भी कि तापमान में बढ़ोतरी नित नए-नये कीर्तिमान बना रही है। बीते दस सालों ने तो धरती के सर्वाधिक गर्म होने का रिकार्ड कायम किया है। फिर यह कि साल दर साल तापमान में बढ़ोतरी के रिकार्ड ध्वस्त हो रहे हैं। चिंता इस बात की है कि भविष्य में इस पर अंकुश की कोई उम्मीद नहीं दिखाई देती। इसका कारण तापमान को नियंत्रित करने के सारे प्रयासों का अभी तक नाकाम साबित होना है। दुनिया के शोध और अध्ययन भी इसका खुलासा करते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी के बिना बेतहाशा बढ़ती गर्मी पर अंकुश की फिलहाल उम्मीद ही बेमानी है। मौसम विज्ञान विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, गर्मी से बचने और शरीर में पानी की कमी होने से बचने की सलाह दी है। जरूरी हो तभी बाहर निकलें और मुंह पर कपड़ा बांधें ताकि लू ना लगे। डॉक्टर दिन में कम से कम आठ से दस गिलास पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। वैस्टर्न आस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है। यदि तापमान में गिरावट नहीं हुई तो यह ग्रह किस दिशा में जाएगा,यह कहना बहुत मुश्किल है। धरती के तापमान में बढ़ोतरी के कारणों में ग्लोबल वार्मिंग एक कारण है ही, अल नीनो भी एक बड़ा कारण है। इसके साथ ग्रीन हाउस गैसों, कार्बन डाइऑक्साइड का सतत उत्सर्जन, सल्फर डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा, वनों के तेजी से होते विनाश, कार्बन फ्लोरो कार्बन गैसों का सतत उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधन का दहन आदि की भी अहम भूमिका है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। पिछले कुछ वर्षों में हीटवेव ने दुनिया के हर महाद्वीप को प्रभावित किया है। तापमान में बढ़ोतरी के चलते वाष्पीकरण की दर में वृद्धि होने और इससे मिट्टी की नमी कम होने से कई क्षेत्र सूखे का सामना करेंगे। नतीजतन फसलों की पैदावार में कमी आने से खाद्य असुरक्षा, गरीबी, बेरोजगारी और बाढ़ का खतरा बढ़ेगा। जलाशयों में पानी का भंडारण कम होने और भूजल का स्तर गिरते जाने से जल संकट गहरायेगा। इसलिए जरूरी है कि हम सतर्क रहें, सादा जीवन जिये। अधिकाधिक पौधारोपण करें, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। हमें प्रकृति से तादात्म्य स्थापित करना होगा। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना होगा, तभी धरती बची रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

## महिमा राम नाम की



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्तत था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट-खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम-राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम-राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**और अलर्ट हों विमान कंपनियां**

बीता गुरुवार हमारे देश के लिए बहुत ही अभागा दिन रहा। अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों में एक यात्री विमान आग का गोला बन गया और इस अभागे विमान में बैठे यात्रियों के साथ-साथ वहां जहां यह विमान टकराया और जहां इस जलते विमान के हिस्से गिरे, वहां के लोगों की मौत का कारण भी बन गया। जिस किसी ने भी इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनी, वो स्तब्ध है। इस अभागे विमान के हादसे के क्या कारण रहे, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीसमार खां समझता हो, लेकिन वह इस क्षेत्र में अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता चल गया होता। विमान कंपनियों को और अलर्ट रहने की जरूरत है। *- रविंद्र चौहान, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर


### कश्मीरी हिंदुओं ने ह्यूस्टन में मनाई ज्येष्ठ अष्टमी



टेक्सास भर से 150 से अधिक कश्मीरी हिंदू परिवार ज्येष्ठ अष्टमी और खीर भवानी पर्व मनाने के लिए ह्यूस्टन के 'हिंदू वर्शिप सोसाइटी' मंदिर में इकट्ठा हुए और उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां रागन्या देवी की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में हिस्सा लिया और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार मंदिर में खीर, दूध, फूल चढ़ाए तथा दीपक जलाए। देवी खीर भवानी माता दुर्गा का एक ही एक रूप हैं जिन्हें कश्मीरी पंडित कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। ह्यूस्टन में 35 वर्ष से अधिक समय से रह रहे सुरेंद्र कौल ने नयी पीढ़ी को इस पर्व के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'ये रिवाज हमारी आत्मा से जुड़ा है। ये रीति रिवाज हमें हमारी मातृभूमि की याद दिलाते हैं जिसे हम हिंसा और भय के कारण छोड़ आए हैं।' 'टेक्सास कश्मीरी बिरादरी' के अध्यक्ष अमित रैना ने कहा, 'यह अष्टमी सिर्फ परंपरा नहीं है, यह हमारी आस्था है। अपने त्योहारों के माध्यम से हम कश्मीर की संस्कृति को जीवित रखते हैं, अपने बच्चों को बताते हैं कि वे कौन हैं। फिर भी घर लौटने की चाह एक ऐसा दर्द है जिसे हम हर दिन सहते हैं। इस दौरान बच्चों ने गजन गाए और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया जो परंपरा के साथ उनके एक मजबूत संबंध को दर्शाता है।

## ऑफ बीट

### कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

## X ट्रेंड

### भारत-साइप्रस संबंध



साइप्रस हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भूमिपुत्रों का अधिकार



कांग्रेस चाहती थी कि राष्ट्र की संपत्ति पर एक विशेष समुदाय का अधिकार हो। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिद्धांत है कि राष्ट्र की संपत्ति पर सबका अधिकार हो, लेकिन सर्वप्रथम उसका हक भूमिपुत्रों का होना चाहिए।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### विदेश नीति में खामियां



अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में खामियां हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय करनी चाहिए।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मृतकों को श्रद्धांजलि



केदारनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश के मृतकों को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। सरकार सुनिश्चित करे कि सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे बिना कोई भी उड़ान न भरी जाए।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# छठी जूनियर ब्वॉयज व गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 19 जून से

## ▶▶ राजीव गांधी खेल परिसर में होंगे रोमांचक मुकाबले, 800 से अधिक बॉक्सर लेंगे भाग ▶▶ खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम चैंपियनशिप का करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छठी जूनियर ब्वायज व गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 19 जून से 25 जून तक राजीव गांधी खेल परिसर स्थित साई एनबीए में किया जाएगा। जिसमें अलग-अलग राज्यों से 800 से ज्यादा खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्पर्धा का उद्घाटन हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे। यह जानकारी रविवार को हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश सरहदी ने एक प्रेस वार्ता में दी। प्रेस वार्ता में उनके साथ हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू, कोषाध्यक्ष कैप्टन परविर कुमार तथा रोहतक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी संदीप मौर व प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर की 32 टीमों के अलावा टाटा स्टील व जेएसडब्ल्यू की टीम भी विशेष रूप से भाग लेंगी। चैंपियनशिप में लगभग 800 से अधिक बॉक्सर भाग लेंगे, जबकि 100 के करीब टेक्निकल अधिकारी, कोच और रेफरी भी शामिल रहेंगे। सभी मुकाबले अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की तकनीकी और प्रतियोगिता नियमावली के अनुरूप कराए जाएंगे। जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू ने बताया कि हर टीम में अधिकतम 13 मुक्केबाज हो सकते हैं।

जो ब्वायज व गर्ल्स केटेगरी में 44 किग्रा, 46 किग्रा, 48 किग्रा, 50 किग्रा, 52 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा, 63 किग्रा, 66 किग्रा, 70 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा और +80 किग्रा में खेलेंगे। प्रत्येक भारवर्ग में एक ही मुक्केबाज को भाग लेने की अनुमति होगी और किसी भी आरक्षित खिलाड़ी की अनुमति नहीं दी जाएगी।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश सरहदी,जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू, कोषाध्यक्ष कैप्टन परविर कुमार, रोहतक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी संदीप मौर व प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा।

### तीन राउंड का होगा प्रतियोगिता का प्रारूप

प्रतियोगिता का प्रारूप तीन राउंड का होगा, जिसमें हर राउंड दो मिनट का और राउंड के बीच एक मिनट का विश्राम रहेगा। स्कोरिंग के लिए 10-प्वाइंट प्रणाली का पालन किया जाएगा। यह चैंपियन शिप न केवल युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देगी, बल्कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

### लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग ठहराव की व्यवस्था

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के आवास की भी उचित व्यवस्था की गई है। लड़कों के ठहरने की व्यवस्था इंडस पब्लिक स्कूल के हास्टल में की गई है, जबकि लड़कियों को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के छात्रावास में ठहराया जाएगा। हर राज्य से आने वाले खिलाड़ियों के लिए उनके हिसाब के खाने पीने का प्रबंध किया हुआ है। ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

## खबर संक्षेप



### इंटर और अल आहली ने खेला गोल रहित ड्रॉ

**मियामी गार्डन्स।** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा। अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दाएं छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई।

### मानसी खेलेगी जूनियर एशियाई चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

### डीपीएल का विस्तार करने की योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के निदेशक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में टीमों की संख्या बढ़ाकर आठ करने की योजना है। डीपीएल का उद्घाटन सत्र पिछले साल आयोजित किया गया था, जिसमें छह टीमों ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लिया था। शर्मा ने कहा, 'डीपीएल में भाग लेने वाले कुल 14 क्रिकेटर आईपीएल का हिस्सा बने हैं। इनमें दिग्वेश राठी, आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।'

### भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा और रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

FIH PRO LEAGUE

भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

### टेस्ट मैच से पहले भारत और भारत-ए टीम के बीच हो रहा मुकाबला

# सरफराज ने अभ्यास मैच में जड़ा शतक बुमराह-अर्शदीप को नहीं मिला विकेट

एजेंसी ▶▶ बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ अहम मुकाबले से पूर्व भारतीय खिलाड़ी बेकेनहैम में एक चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच खेल रहे हैं। जहां इंडिया ए की तरफ से शिरकत करते हुए सरफराज खान ने शतक जड़ सबको अपना दीवाना बना दिया है। इंडिया की तरफ से मिले 459 रनों के जवाब में इंडिया ए के खिलाड़ी भी जबर्दस्त लय में नजर आए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

हालांकि, जिस खिलाड़ी ने सर्वाधिक लोगों को प्रभावित किया वह सरफराज खान थे। अपनी टीम इंडिया ए के लिए उन्होंने 76 गेंदों का सामना किया। इस बीच 101 रनों की नाबाद धमाकेदार शतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से क्रिकेट प्रेमियों को 15 चौके और दो गगनचुंबी छक्के देखने को मिले। दूसरे बल्लेबाजों को भी अभ्यास का मौका मिले, इसके लिए वह रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौटे।

#### ईशान किशन चमके

इंडिया ए की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए ईशान किशन का बल्ला भी जमकर चल रहा है। अपनी टीम की तरफ से वह दिन का खेल समाप्त होने तक 45 रन बनाकर नाबाद हैं। गेंदबाजी में रंग जमाने वाले शार्दुल ठाकुर का भी बल्लेबाजी में रंग देखने को मिल रहा है। वह नाबाद 19 रन बनाकर किशन का बखूबी साथ दे रहे हैं। टीम का स्कोर छह विकेट के नुकसान पर 299 रन है।



#### सरफराज की दावेदारी मजबूत

*इंग्लैंड लायंस के बाद अब इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में सरफराज की तूफानी पारी को देख चयनकर्ता भी उनके नाम पर विचार करने को मजबूर हो गए हैं। 27 वर्षीय क्रिकेटर ने बेहद मजबूती के साथ अपनी दावेदारी को ठोकी है। वार्म-अप मैच से पूर्व सरफराज ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट मैच में 92 रन बनाए थे।*

#### बुमराह को नहीं मिली सफलता

इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह से काफी उम्मीद है। मगर दूसरे दिन की समाप्ति तक वह अपने सात ओवरों के स्पेल में एक भी विकेट चटका नहीं पाए हैं, जो कि टेंशन वाली बात है। गेंदबाजी के दौरान इंडिया की तरफ शिरकत कर रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः दो-दो विकेट चटकाने में कामयाब हुए हैं। अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

#### सुदर्शन ने बनाए 38 रन

आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले युवा स्टार साईं सुदर्शन का प्रदर्शन इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में मिला जुला रहा। टीम के लिए वह 38 रन बनाने में कामयाब रहे। उनके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 रनों का योगदान दिया। पारी का आगाज करते हुए ऋतुराज गायकवाड़ बिना खाता खोले आउट हुए।

### टेनिस

## मेडिसन कीज सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर से हारी




एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है।

मारिया 2020 के बाद से डब्लूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा, 'आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं।' शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

### विश्व कप चयन ट्रायल

## गाथा, शरवारी, पृथिका ने जीते ट्रायल, अभिषेक और अतनु चूके



एजेंसी ▶▶ पुणे

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला जब अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए। तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई। ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं।

क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए।

#### टीम इस प्रकार हैं:

रिकर्व पुरुषः धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, राहुल सिंह और तरुणदीप राय
रिकर्व महिलाएंः दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, गाथा खडके और शरवारी शेंडे
कंपाउंड पुरुषः अमन सैनी, प्रथमेश फुगे, ऋषभ यादव और प्रियांश।
कंपाउंड महिलाएंः ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तानीपार्थी।

#### 0.5 अंक से चूके अतनु, पहली बार टीम में राहुल

अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए। सेना के 20 वर्षीय तीरंदाज राहुल सिंह ने 13.5 अंक के साथ पहली बार टीम में जगह बनाई। वह नीरज चौहान (15) और धीरज बोम्मादेवरा (17) के पीछे तीसरे स्थान पर रहे। कंपाउंड वर्ग में सबसे बड़ा झटका विश्व नंबर सात अभिषेक वर्मा, 2023 विश्व चैंपियन ओजस देवताले और चरण दो के स्वर्ण पदक विजेता मधुरा धामनगांवकर के बाहर होने से लगा। वर्मा सिर्फ 7.5 अंक के साथ निराशाजनक सातवें स्थान पर रहे।

### निशांत की पेशेवर मुक्केबाजी में सिल्वा पर शानदार जीत



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत जीत के साथ पेशेवर सर्किट पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी।

चौबीस वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की। यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिन्स और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया।

## दंतेवाड़ा में 50 मैदान विकसित करेगा तेंदुलकर फाउंडेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, 'इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से




अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

### महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।



वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।


### टीम ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत दर्ज की

## एमजीडी-1 विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज के नॉकआउट दौर में

एजेंसी ▶▶ लंदन

फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनने के एक दिन बाद टीम एमजीडी1 ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'ब्लिट्ज' टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में जगह पक्की की।

टीम एमजीडी1 ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत और एक ड्रॉ (टीम हंगरी के खिलाफ) से 23 मैच प्वाइंट बनाए। राउंड-रॉबिन पूल चरण में कुल 53 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष चार (कुल 16) टीमें नॉकआउट में पहुंचीं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, वी. प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोन्का, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की भारतीय टीम ने राउंड-रॉबिन पूल चरण में



सबसे ज्यादा मैच जीते। नॉर्वे शतरंज में हाल ही में दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराने वाले अर्जुन एरिगैसी 13 मैचों में 11 अंक के साथ टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली टीम फ्रीडम ने पूल बी में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। दोनों टीमों के नाम 22-22 अंक हैं। 'ब्लिट्ज' प्रतियोगिता में 190,000 यूरो की पुरस्कार राशि है।

### अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट आज से

**मुंबई।** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपए इनामी ऑरियनप्रो अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्ज़े को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।






ट्रंप ने कहा हमले मे यूएस की भूमिका नहीं

# परमाणु समझौता रद्द होने के बाद भड़का अमेरिका, ट्रंप बोले अगर हमला हुआ तो आप पर पूरी ताकत से टूट पड़ेगी सेना

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को कड़ी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने कोई दुस्साहस किया तो अंजाम ऐसा होगा, जो उसने न तो पहले कभी देखा होगा और न ही कभी सोचा होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब इजराइल ने तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया। इजराइल ने शनिवार को ईरान के बुशहर प्रांत में साउथ पारस गैस फील्ड से जुड़ी एक प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण इकाई पर भी हमला किया। यह कहते हुए कि ईरान पर इजराइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी, ट्रंप ने दावा किया कि वह ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवा सकते हैं और इस संघर्ष को रुकवा सकते हैं। इससे पहले रविवार को ईरान ने तेहरान और वाशिंगटन डीसी के बीच परमाणु वार्ता के छठे दौर को रद्द कर दिया था।



## भारी कीमत चुकाएगा ईरान : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को चेतावनी दी कि इजराइल में नागरिकों को निशाना बनाने की ईरान को ''बहुत भारी कीमत'' चुकानी होगी। नेतन्याहू ने यह टिप्पणी तेल अवीव के नजदीक बात याम शहर में सुबह-सुबह ईरानी मिसाइल हमले के स्थल का दौरा करते हुए की। इस हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और कई दर्जन अन्य घायल हो गए हैं।

## इजराइली हमले बंद हो जाएं तो हम भी रुक जाएंगे: ईरानी विदेश मंत्री

*दुबई(एपी)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर उनके देश पर इजराइल के हमले बंद हो जाएं तो ''हमारी जवाबी कार्रवाई भी रुक जाएगी। अराघची ने तेहरान में राजनयिकों के समक्ष यह टिप्पणी की। शुक्रवार को इजराइली हमले शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। उन्होंने कहा, ''अगर आक्रामण बंद हो जाते हैं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी बंद हो जाएगी।'' इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अराघची ऐसे दिन नजर आए हैं जब उन्हें तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर ओमान में अमेरिका के साथ बातचीत करनी थी, लेकिन इजराइली हमलों के बीच यह बातचीत नहीं हुई।*

## ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारने की इजराइली योजना को वीटो किया

*वाशिंगटन (एपी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारने के संबंध में इजराइल द्वारा अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत की गई योजना को वीटो कर दिया। इजराइल ने हाल के दिनों में ट्रंप प्रशासन को सूचित किया कि उसने खामेनेई को मारने के लिए एक विश्वसनीय योजना बनाई है। नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि योजना के बारे में जानकारी मिलने के बाद 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने इजराइली अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप इजराइल द्वारा यह कदम उठाए जाने के खिलाफ हैं।*

### ट्रम्प का दावा- ईरान-इजराइल समझौता होगा, भारत-पाक संघर्ष मैंने रुकवाया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर दावा किया कि दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौता होगा। साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने में फिर से अपनी भूमिका का जिक्र किया। ट्रम्प ने लिखा, 'इजराइल और ईरान को डील करनी चाहिए, और डील होगी, जैसी मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच करवाई थी। मैंने सर्बिया और कोसोवो, मिस्र और इथियोपिया सहित कई देशों के बीच टकराव रोका।

## इजराइल और ईरान के हमले जारी

**दुबई (एपी)।** इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागना जारी रखा, जिसमें से कुछ (मिसाइलें) इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर देश के मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई। शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर अचानक की गई बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में एक लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। ईरान ने कहा कि इजराइल ने उसकी दो तेल रिफाइनरी पर हमला किया है। इस बीच, इजराइली सेना ने रविवार को ईरानियों को ''सैन्य हथियार उत्पादन कारखानों'' को तत्काल खाली करने की चेतावनी दी, जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे, तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा। इजराइल ने कथित तौर पर एक गैस प्रतिष्ठान को निशाना बनाया, जिससे ईरान के प्रतिबंधित ऊर्जा उद्योग पर व्यापक हमले की संभावना बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल की कार्रवाई के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है।

### मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा जाने से पहले साइप्रस पहुंचे

# भारत के लिए बेहद खास है साइप्रस की यात्रा दोनों देशों के पुराने और भरोसेमंद रहे हैं संबंध

**पीएम मोदी** और साइप्रस के राष्ट्रपति के बीच आधिकारिक बातचीत आज

**भारत-साइप्रस** के रिश्ते से तुर्किए खुश तो नहीं होगा

एजेंसी ▶▶ लिमासोल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह दौरा कूटनीतिक नजरिए से बेहद अहम माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी रणनीतिक भूमिका को मजबूत कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। साइप्रस जैसे छोटे लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना भारत की विदेश नीति में 'मल्टी एलायंस डिप्लोमेसी' की दिशा में एक अहम कदम है। बहरहाल, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से नई दिल्ली और निकोसिया के रिश्तों में बदलाव आएगा।

### समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे पीएम मोदी

साइप्रस 1 जनवरी से यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। यह भी निश्चित है कि पीएम मोदी साइप्रस के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। दो दशकों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और नरेंद्र मोदी के बीच आधिकारिक बातचीत सोमवार को होगी। पीएम मोदी को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से स्वागत किया जाएगा। हवाई अड्डे पर स्वागत के बाद, मोदी और क्रिस्टोडौलिडेस लिमासोल में साइप्रस और भारत के व्यापारियों की बैठक में भाग लेंगे।

### 2002 में तत्कालीन पीएम वाजपेयी गए थे साइप्रस

मोदी की यह यात्रा क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर हो रही है। इससे पहले राष्ट्रपति निकोस अनास्तासियादेस ने आठ साल पहले भारत का दौरा किया था। राष्ट्रपति तासोस पापाडोपोलोस ने 2006 में भारत का दौरा किया था। आखिरी बार अटल बिहारी वाजपेयी ने किसी भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में 2002 में साइप्रस का दौरा किया था। तुर्की भारत के साथ बढ़ते संबंधों से खुश नहीं है। मोदी जी 7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा जाने से पहले साइप्रस पहुंचे हैं। पाकिस्तान के साथ बढ़ते मनमुटाव के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली विदेश यात्रा है। इसे तुर्किए के रवैए को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अंकारा इस्लामाबाद का समर्थन करता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थिति आतंकी ठिकानों पर मिलिट्रि एक्शन यानी ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिस दौरान तुर्किये ने पाक का खुलकर समर्थन किया।



## भारत की 'जी-7' में भागीदारी से निकलेंगे कई संदेश, विश्व बिरादरी की नजर पीएम मोदी पर

**नई दिल्ली (शिशिर सोनी)।** ठीक सालभर पहले तब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो थे। कनाडा की जमीन से खालिस्तान समर्थक आतंकी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, विस्तार से जानकारी दी गई थी। स्थानीय राजनीतिक वजहों से ट्रूडो ने सुना अनसुना किया। उसके बाद भी जी-7 की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गये। मजबूती के साथ विश्व बिरादरी के समक्ष भारत का पक्ष रखा। ट्रूडो ने तब भारत, कनाडा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की बात दोहराई थी। लेकिन दोनों देशों के बीच तब रिश्ते तनावपूर्ण हो गये थे। 2023 में के सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद। तत्कालीन कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इस हत्या में भारतीय सरकार की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने निराधार और दुर्भावना से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था। दोनों देशों ने वर्ष 2023 और 2024 में एक-दूसरे के उच्चायुक्तों को निष्कासित किया और वीजा सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया था। उसके बाद से अब कनाडा की राजनीतिक फिजां बदली है। ट्रूडो की जगह मार्क जे कार्नी अब कनाडा के पीएम हैं। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्नी की चुनावी जीत पर बधाई दी और जी-7 की बैठक में शिरकत करने वाली यात्रा को भारत-कनाडा संबंधों को नई गति देने का अवसर बताया। वर्ष 2015 के बाद पीएम मोदी की कनाडा की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। ये बात अलग है कि खालिस्तानी उपद्रवियों का तब से अब तक कुछ नहीं बदला। कनाडा के बेंकूवर स्थित ब्रिटिश कोलंबिया के गुरुद्वारों और मंदरों में खालिस्तानी समर्थकों के नारे लिखे गये। हमले किये गये। कनाडा की जमीन से खालिस्तानी उग्रवाद को अब भी जमकर खादपानी मिल रहा है। पीएम मोदी को बैठक के लिए मिले आमंत्रण पर कनाडा में सिख समुदाय के कुछ संगठनों, जैसे वर्ल्ड सिख ऑर्गनाइजेशन और सिख फेडरेशन ऑफ कनाडा, ने इस आमंत्रण की निंदा की है।

### ऑस्ट्रेलिया में हुई घटना

## भारतीय मूल के व्यक्ति की पुलिसकर्मी ने घुटने से दबाई थी गर्दन,फिर हुई मौत

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया में पुलिस के एक अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को कथित तौर पर घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबर के अनुसार, एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की बृहस्पतिवार को मौत हो गई।



### झगड़े के आरोप में पुलिस ने पकड़ा था

*कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे।*

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के प्रयासों को सलाम

**हैदराबाद (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' सैन्य अभियान शुरू किया। करीब तीन से चार दिनों तक चले इस सैन्य अभियान के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ। भारतीय सेना के इस अभियान का पूरे देश के लोगों ने समर्थन किया। देश के कई इलाके से लोगों ने भारतीय सेना को पत्र लिखकर ऑपरेशन सिंदूर अभियान के लिए आभार जताया। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए समर्थन और आभार व्यक्त करते हुए नागरिकों के पत्रों का संकलन साझा किया।




## फ्यूल की कमी से नहीं लौट पाया विमान



### तिरुवनंतपुरम में ब्रिटेन के लड़ाकू विमान एफ-35 की इमरजेंसी लैंडिंग

*तिरुवनंतपुरम। ब्रिटिश रॉयल एयरफोर्स के फाइटर जेट एफ-35 की शनिवार रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इस घटना पर भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसे इसकी पूरी जानकारी है और उसने फ्लाइट सुरक्षा कारणों से विमान को उतरने में मदद की। खबरों के मुताबिक एफ-35 ने हिंद महासागर में एक सॉर्टी के लिए एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरी, लेकिन फ्यूल कम होने के कारण इसने इमरजेंसी लैंडिंग की, जेट रात करीब 9.30 बजे सुरक्षित रूप से उतरा।हालांकि दावा किया जा रहा है कि एफ-35 समुद्र की खराब स्थिति के कारण लगभग 100 समुद्री मील दूर अपने कैरियर पर वापस नहीं लौट सका।*

## दुनियाभर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम ने यह जानकारी दी। जीईएम ने अपनी हालिया रिपोर्ट में आशंका जतायी है कि 2025 के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों से पिछड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''इस वृद्धि के दो कारण हैं। पहला, नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों में कमी। 2021 में अफगानिस्तान में माध्यमिक विद्यालय में लड़कियों के जाने पर प्रतिबंध भी इस वृद्धि में योगदान देता है। इसमें कहा गया, ''स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का दूसरा कारण संयुक्त राष्ट्र के अद्यतन जनसंख्या अनुमान में बढ़ोत्तरी है जिससे ऐसे बच्चों की संख्या 1.3 करोड़ बढ़ गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि संघर्षों के कारण स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या को संभवतः कम करके आंका गया हो क्योंकि संघर्षों के कारण आंकड़े एकत्र करने में बाधा उत्पन्न होती है। कुल मिलाकर, प्राथमिक विद्यालय जाने योग्य आयु वर्ग के लगभग 11 प्रतिशत बच्चे (7.8 करोड़), निम्न माध्यमिक विद्यालय जाने योग्य आयु वर्ग के 15 प्रतिशत बच्चे (6.4 करोड़) तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय जाने योग्य आयु वर्ग के 31 प्रतिशत किशोर (13 करोड़) स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक बढ़े

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25